दैनिक
# भारत देश हमारा
मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी www.Bharatdeshhamara.com DAILY BHARAT DESH HAMARA PATIALA

रजिस्ट्रेशन नं. पीबी/पीटीए (0273)/2024-26 PRGI (RNI) Regd. No.42376/1985 वर्ष 42 अंक 104 पटियाला वीरवार 16 अप्रैल 2026 मूल्य दो रुपए कुल पृष्ठ: 8 फोन : 0175-5061948, Posted at RMS Patiala E-mail:- bdhpatiala@gmail.com

### युवती का शव मिला

महोबा, 15 अप्रैल (निस) शहर के मुहल्ला सुभाषनगर निवासी प्रियंका (22) का शव घर से करीब 100 मीटर दूर पहाड़ी के पास मिला। उसके शरीर में चोटों के निशान के चलते स्वजन ने हत्या की आशंका जताई है। जुलाई में उसकी शादी होनी थी। सोमवार रात स्वजन खेत गए थे, जबकि प्रियंका घर पर अकेली थी।

### जहरीली गैस से 2 की मौत

हरदोई 15 अप्रैल (निस) उत्तरप्रदेश के हरदोई जिले के जलालपुर गांव में दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें जहरीली गैस के कारण दम घुटने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से बीमार हो गया। ग्राम प्रधान विद्यावती के पति सुरेंद्र अपने घर में बने सीमेंट के टैंक को गेहूं भंडारण के लिए साफ करवा रहे थे।

### भाजपा की बदलाखेरी की राजनीति-सीएम मान, जनता सहन नहीं करेगी-केजरीवाल

## आप के राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल के घर तथा अन्य प्रतिष्ठानों पर ईडी की छापेमारी

जालंधर 15 अप्रैल (निस) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल के जालंधर स्थित आवास पर छापेमारी की है। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह 9 बजे श्वष्ठ जालंधर में उनके घर पहुंची। टीम जांच कर रही है। घर के बाहर पुलिस फोर्स तैनात की गई है। ईडी की इस कार्रवाई पर आम आदमी पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी का कहना है कि अशोक मित्तल को हाल ही में आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा में अपना नया डिप्टी लीडर नियुक्त किया था। उन्होंने इस पद पर राघव चड्ढा की जगह ली थी।क्कने छापेमारी को राजनीतिक प्रतिशोध बताया है। ईडी की टीम ने अशोक मित्तल के



करीब 8 से 9 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। जालंधर में उनके घर, गुरुग्राम में उनके और उनके बेटे के ठिकाने, एक फार्महाउस, विश्वविद्यालय से जुड़े स्थानों पर सुबह करीब 9 बजे ईडी की टीम जालंधर स्थित उनके घर पहुंची और जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार अशोक मित्तल एक यूनिवर्सिटी चलाते हैं। ईडी को शक है कि इस यूनिवर्सिटी के फंड (पैसे) के इस्तेमाल में कुछ गड़बड़ी हुई है। इसलिए टीम जरूरी दस्तावेजों की जांच कर रही है। कंप्यूटर, मोबाइल जैसे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस खंगाल रही है। वित्तीय लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड देख रही है।

**भगवंत मान का आया बयान**

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यह छापेमारी आने वाले चुनावों को ध्यान में रखकर की गई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि भाजपा ने पंजाब चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। राज्यसभा सांसद के घर और यूनिवर्सिटी पर श्वष्ठ की छापेमारी मोदी सरकार का तरीका है।

**सीएम मान का आया ट्वीट**

सीएम भगवंत सिंह मान ने ट्वीट करते हुए लिखा है कि भाजपा द्वारा पंजाब चुनाव की तैयारी शुरूज् आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद अशोक मित्तल के घर और यूनिवर्सिटी में श्वष्ठ की रेड.. टिपिकल मोदी स्टाइल.. जिसके बाद एक शेयर भी लिखा हैज् हम भो पत्ते नहीं, जो शाख से टूट कर गिर जाएँगे आंधियो को कह दो अपनी औक़ात में रहें।

**आप सुप्रीमो ने दी ये प्रतिक्रिया**

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इस कार्रवाई की आलोचना की। उन्होंने कहा मोदी जी ने पंजाब में चुनावों की तैयारी शुरू कर दी है।

## बस्सी पठाना के समीप बस हादसे में 11 श्रद्धालुओं की मौत, कई अन्य घायल

### प्रधानमंत्री ने जताया गहरा दुख, घायलों का बेहतर इलाज करने का मुख्यमंत्री मान का आदेश

फतेहगढ़ साहिब, 15 अप्रैल (निस) पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले में बैसाखी मेला देखकर लौट रहे श्रद्धालुओं के साथ एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। देर रात श्रद्धालुओं से भरी एक निजी बस अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकराने के बाद पलट गई। इस भीषण दुर्घटना में 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि लगभग 15 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों में महिलाएं और छोटे बच्चे भी शामिल हैं, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, फतेहगढ़ साहिब क्षेत्र से करीब 40 श्रद्धालुओं का एक जत्था बैसाखी के पावन पर्व पर श्री आनंदपुर साहिब में मत्था टेकने और मेले में शामिल होने गया था। देर रात जब सभी लोग बस से वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों और शुरुआती जांच के मुताबिक, चलती बस में अचानक कोई तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा। बेकाबू हुई बस सड़क किनारे लगे बिजली के एक खंभे से जा टकराई और पलट गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और भीतर चीख-पुकार मच गई।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। अंधेरा होने के कारण बचाव कार्य में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। पुलिस ने तुरंत एंबुलेंस की मदद से घायलों को मोरिंडा और फतेहगढ़ साहिब के सरकारी अस्पतालों में भिजवाया। गंभीर रूप से घायल कुछ यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए बड़े केंद्रों में रेफर किए जाने की खबर है। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बस को सड़क के बीच से हटवाकर यातायात को सुचारू करवाया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है ताकि हादसे के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके। इस घटना के बाद से प्रभावित गांव में शोक की लहर दौड़ गई है, प्रशासन ने मृतकों के परिवारों **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

### पवन खेड़ा को झटका जमानत पर लगी रोक

नई दिल्ली,(ईएमएस)। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए तेलंगाना हाईकोर्ट द्वारा दी गई ट्रांजिट अग्रिम जमानत पर रोक लगा दी। यह मामला असम पुलिस द्वारा दर्ज मानहानि और जालसाजी के आरोपों से जुड़ा है।दरअसल, असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्व सरमा की पत्नी रिनीकी भुइयां शर्मा ने पवन खेड़ा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। खेड़ा पर आरोप है कि उन्होंने रिनीकी भुइयां के पास कई देशों के पासपोर्ट होने का दावा किया था, जिसे लेकर विवाद खड़ा हुआ। संभावित गिरफ्तारी से बचने के लिए पवन खेड़ा ने तेलंगाना हाईकोर्ट का रुख किया था, जहां से उन्हें एक सप्ताह की ट्रांजिट अग्रिम जमानत मिल गई थी। हालांकि, इस फैसले को असम सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, जिस पर अब शीर्ष अदालत ने रोक लगा दी है। मामले की सुनवाई जस्टिस जे.के. माहेश्वरी और जस्टिस अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने की। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि यदि पवन खेड़ा असम के सक्षम न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन करते हैं, तो सुप्रीम कोर्ट के इस अंतरिम आदेश का उस पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। सुनवाई के दौरान असम सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तेलंगाना हाईकोर्ट के अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाए।

### महिला आरक्षण बिल पर विशेष संसद सत्र आज से

## विपक्षी दलों ने खड़गे के आवास पर की विशेष बैठक


**नई दिल्ली 15 अप्रैल ( निस )** संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र गुरूवार से शुरू हो रहा है, जो 18 अप्रैल तक चलेगा। इस सत्र का मुख्य एजेंडा महिला आरक्षण बिल से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक को पेश करना और उसे पारित कराना है। महिला आरक्षण विधेयक और उससे जुड़े संशोधनों को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। राजधानी दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े के आवास पर विपक्ष की अहम बैठक हुई। इसमें करीब 20 दलों के वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद विपक्ष ने एकजुट रुख दिखाते हुए सरकार के



तरीके पर गंभीर आपत्तियां जताईं। मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी दलों की बैठक के बाद कहा कि हम सभी महिला आरक्षण बिल के पक्ष में हैं, लेकिन सरकार जिस तरह से इसे लेकर आई है, वह राजनीति से प्रेरित है। हमने हमेशा इस बिल का समर्थन किया है, लेकिन हमारा आग्रह है कि पुराने संशोधनों को लागू किया जाए। सरकार परिसीमन और जनगणना के नाम पर चालें चल रही है। कार्यपालिका के जरिए संविधान की उन शक्तियों को हथिया रही है जो संसद और संस्थाओं के पास होनी चाहिए; इन्होंने पहले भी असम और जम्मू-कश्मीर के परिसीमन में हमें धोखा दिया है। इसलिए हम इस बिल के मौजूदा स्वरूप का एकजुट होकर संसद में विरोध करेंगे।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने बुधवार को विपक्षी नेताओं के साथ मीटिंग के बाद बात कही। मीटिंग खडग़े के घर पर हुई, जिसमें राहुल गांधी और टीएमसी,आरजेडी, शिवसेना (यूबीटी) एनसीपी (शरद गुट) और आप नेता भी शामिल हुए। खडग़े ने कहा कि हम महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं है लेकिन सरकार इसे राजनीतिक कारणों से आगे बढ़ा रही है ताकि विपक्ष को दबाया जा सके। इसलिए हमने परिसीमन बिल के विरोध का निर्णय लिया है। संसद के विशेष सत्र में तीन बिल लाने वाली है। इनमें संविधान (131वां संशोधन) बिल, परिसीमन विधेयक (संशोधन) और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2026 शामिल हैं। सरकार का प्रस्ताव लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करना है। इनमें करीब 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

## बंगाल की जनता ममता बैनर्जी से भ्रष्टाचार से लूटा गया एक-एक पैसे का हिसाब लेगी-अमित शाह

**राजगंज 15 अप्रैल ( निस )** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तरी बंगाल में अपने चुनाव प्रचार के दौरान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भ्रष्टाचार के जरिए जनता से कथित तौर पर लूटा गया एक-एक रुपया वापस लेगी। बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले लगातार रैलियों में बोलते हुए उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राजनीतिक करियर बेदाग रहा है और मतदाताओं से राज्य में भाजपा को सत्ता में लाने का आग्रह किया।



जलपाईगुड़ी के राजगंज में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सत्ता से हटना अब सिर्फ समय की बात है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा उत्तरी बंगाल से सुधारात्मक कार्रवाई शुरू करेगी और टीएमसी नेतृत्व पर जनता के धन की हेराफेरी का आरोप लगाया। उन्होंने भीड़ से कहा कि मोदी ने गुजरात पर 12 साल शासन किया और केंद्र में अगले 12 साल सत्ता में हैं; फिर भी उन पर एक पैसे के भ्रष्टाचार का भी कोई आरोप नहीं लगा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आने के बाद तृणमूल नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करेगी, जिन्होंने शिक्षक भर्ती घोटाले में 300 करोड़ रुपये हड़पे और उत्तर बंगाल के लिए केंद्र द्वारा स्वीकृत बाढ़ राहत कोष से 100 करोड़ रुपये चुराए।

## राहुल गांधी चुनाव जीतने में नाकाम, आम जनता में लोकप्रियता नहीं-विज

अम्बाला, 15 अप्रैल (रवि पाहुजा): हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने राहुल गांधी पर जुबानी



हमला करते हुए कहा कि राहुल गांधी कई चुनाव हार चुके है, विज बोले कि अगर राहुल गांधी बब्बर शेर होते तो ढेर न होते। विज आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने बयान में कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से डर नहीं लगता, बल्कि मोदी जी को कांग्रेस से डर लगता है क्योंकि बब्बर शेर उन्हें पकड़ लेगा और कार्रवाई होगी, जिसपर तंज कसते हुए हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि यही कारण है कि राहुल गांधी जी हर प्रदेश में ढेर हो रहे है, राहुल गांधी कई चुनाव हर चुके है। मंत्री विज बोले कि अगर राहुल गांधी बब्बर शेर होते तो ढेर न होते। नगर निगम चुनावों की चर्चाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि भाजपा हमेशा चुनाव के लिए तैयार है और तीनों जगह भाजपा विजय पताका फहराएगी।

## बिहार में नीतिश युग खत्मः सम्राट चौधरी ने सीएम पद की शपथ ली, दो डिप्टी सीएम भी बनाए गए

**पटना 15 अप्रैल ( निस )** बिहार की राजनीति में बुधवार को एक ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिला है, जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी ने राज्य के 24वें मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर सत्ता की कमान संभाल ली है। यह पहली बार है जब बिहार में भाजपा का कोई नेता मुख्यमंत्री बना है, जिससे राज्य की राजनीति में एक नए दौर की शुरुआत मानी जा रही है। राजधानी पटना स्थित लोक भवन में स्थित जर्मन हैंगर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जहां राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने



सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री के तौर पर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उसके साथ ही जदयू के नेता बिजेंद्र प्रसाद यादव और विजय कुमार चौधरी ने कैबिनेट मंत्री(उपमुख्यमंत्री) पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में नीतीश कुमार, जेपी नड्डा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और चिराग पासवान समेत एनडीए के कई बड़े नेता मौजूद थे।आपको बता दें कि मंगलवार को सम्राट चौधरी को भाजपा विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से नेता चुना गया था, जिसके बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बैठक में उनके नाम पर अंतिम मुहर लगी। नई सरकार में सहयोगी दल जनता दल (यू) के नेताओं को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

## बेअदबी रोकने के लिए केन्द्र एवं प्रदेश सरकार सख्त कानून बनाए-झींडा

कुरुक्षेत्र, 15 अप्रैल (दिलबाग सिंह)- दस गुरु साहिबान की ज्योत धन धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की बेअदबी पर अंकुश लगाने के लिए हरियाणा प्रदेश और केंद्र में सख्त कानून बनाने की मांग



हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने उठाई है। उन्होंने भारत सरकार और हरियाणा सरकार से इस संबंध में कड़ा कानून पारित करने की मांग की है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की इस मांग को लेकर उन्होंने देश के गृहमंत्री अमित शाह और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने पंजाब विधानसभा में पास किए गए बिल का हवाला देकर हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार से बिल पारित करने की मांग की है। जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने कहा कि धन धन साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के खिलाफ सख्त कानून की मांग लंबे समय से की जा रही है। इसे गंभीरता से लेते हुए हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार को इस सम्बन्ध में कानून बनाना चाहिए।

## महिला आरक्षण बिल को लेकर सहमति बनाने में जुटी केन्द्र सरकार, परिसीमन को लेकर विवाद

नई दिल्ली 15 अप्रैल (निस) महिला आरक्षण बिल को लेकर केंद्र ने सहमति बनाने की कोशिशें तेज कर 2029 के आम चुनाव से लागू करने का साफ संकेत दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी दलों से सहयोग की अपील की है, लेकिन पूरे मामले में परिसीमन सबसे बड़ा पेंच बनकर सामने आया है, जिस पर मोदी सरकार अब भी स्पष्ट रुख सामने नहीं ला रही। विपक्ष, खासकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिल की प्रक्रिया के समय और मंशा पर सवाल उठाया है, इससे मुद्दा राजनीतिक सहमति से ज्यादा टकराव की दिशा में बढ़ता दिख रहा है। दरअसल,16 अप्रैल से शुरू हो रहे संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण को 2029 से लागू करने के लिए सरकार फिर संविधान संशोधन विधेयक ला रही है। खुद पीएम मोदी ने इसका खुलासा किया है, लेकिन सूत्रों का दावा है कि परिसीमन आयोग के गठन व लोकसभा और विधानसभा की सीटों की संख्या में संभावित बदलाव के लिए संविधान



संशोधन विधेयक लाने की तैयारी हो रही है। हालांकि मोदी सरकार की ओर से इस पर औपचारिक रूप से पुष्टि नहीं हुई है। लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराना गठबंधन की सरकार के लिए आसान नहीं है। इसके लिए सरकार अपने सहयोगी सभी दलों को साथ रखकर विपक्षी दलों को साधना जरूरी है। संविधान संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए कुल सदस्यों के पचास फीसदी सदस्यों का सदन में मौजूद रहना जरूरी है। वहीं मौजूद सदस्यों में से दो तिहाई के समर्थन से ही विधेयक पारित हो सकता है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक दलों के नेताओं को लिखे पत्र में कहा कि देश की बेटियां आज स्पेस, खेल, सेना और स्टार्टअप्स जैसे हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। इसके बाद राजनीति में उनकी भागीदारी बढ़ाना समय की मांग है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लागू करने का सही समय है। उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल से संसद में इस बिल पर ऐतिहासिक चर्चा शुरू होने जा रही है। यह लोकतंत्र को मजबूत करने और सभी को साथ लेकर चलने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। पीएम मोदी ने कहा कि 2023 में संसद में सभी दलों ने मिलकर 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का समर्थन किया था। उस दिन को वह भारत की संसदीय यात्रा का एक प्रेरक और ऐतिहासिक क्षण था। उन्होंने उम्मीद जाहिर की हैं कि इस बार भी सभी दल उसी भावना के साथ आगे आएंगे।

वहीं कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने पीएम मोदी को जवाबी पत्र भेजा। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों के बीच विशेष सत्र बुलाना ठीक नहीं है।

### नोएडा में श्रमिकों का उग्र प्रदर्शन-अब तक 300 से अधिक गिरफ्तार

नोएडा, 15 अप्रैल (निस)

उत्तरप्रदेश के नोएडा में फैक्ट्री कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन मंगलवार को उग्र रूप लेता दिखाई दिया। सेक्टर-121 स्थित गढ़ी चौखंडी इलाके में प्रदर्शनकारियों ने फिर पुलिस पर पथराव किया, जिससे क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी। हालात को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। जानकारी के अनुसार, सुबह के समय कुछ फैक्ट्री कर्मचारी विभिन्न स्थानों पर सड़कों पर उतर आए और विरोध प्रदर्शन करने लगे। इसके बाद पुलिस ने उन्हें समझाने और रास्ता खाली कराने की कोशिश की, लेकिन तभी स्थिति बिगड़ गई और दोनों पक्षों के बीच झड़प हो गई। प्रदर्शनकारियों की भीड़ ने 2-3 स्थानों पर पुलिस वाहनों को निशाना बनाकर पथराव किया। हालांकि, पुलिस ने तत्परता दिखाकर स्थिति पर काबू किया और उपद्रवियों को मौके से खदेड़ दिया। प्रशासन पहले से ही सतर्क था। पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों द्वारा फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला उन्नति की तरफ ठोस कदम...

## फ्रांस भारत के भरोसेमंद सहयोगी देशों में से एक द्विपक्षीय संबंधों को अधिक मजबूत करेंगे-बिरला

**नई दिल्ली 15 अप्रैल ( निस )** लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज फ्रांस को भारत के सबसे भरोसेमंद और सहयोगी मित्र देशों में से एक बताते हुए दोनों देशों के बीच गहरे और अटूट संबंधों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति श्री इमैनुएल मैक्रों के बीच सौहार्दपूर्ण व्यक्तिगत संबंध ने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और आगे बढ़ाने तथा मजबूत करने हेतु ऊर्जा प्रदान की है।श्री बिरला ने आज संसद भवन में उनसे भेंट करने आए फ्रांस की सीनेट के फ्रांस-भारत अंतर्संसदीय मैत्री समूह के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की।फरवरी 2026 में राष्ट्रपति मैक्रों के भारत दौरे का स्मरण करते हुए, श्री बिरला ने इस बात पर ज़ोर दिया कि द्विपक्षीय संबंधों को स्पेशल ग्लोबल स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप तक ले जाना दोनों



देशों के बीच बढ़ते आपसी विश्वास और सहयोग को दर्शाता है।फ्रांस की पार्लियामेंट में महिलाओं के 36 प्रतिशत से अधिक के सार्थक प्रतिनिधित्व की प्रशंसा करते हुए, श्री बिरला ने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत भी शासन में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए लगातार विधिक और संस्थागत प्रयास कर रहा है। उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि ज़मीनी लेवल पर, खासकर पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत अच्छा रहा है।श्री बिरला ने शिष्टमंडल को आगे बताया कि नवनिर्मित संसद भवन में पारित हुआ पहला विधेयक नारी शक्ति वंदन अधिनियम था, जो निर्वाचित विधायी निकायों में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान करता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि यह ऐतिहासिक कानून महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास और सबको साथ लेकर चलने वाले शासन के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।पेरिस में 2025 में और नई दिल्ली में 2026 आयोजित एआई शिखर सम्मेलनों का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि भारत और फ्रांस दोनों देश संसद की कार्यकुशलता, पारदर्शिता और पहुंच बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत प्रौद्योगिकियों का बड़े पैमाने पर उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एआई और डिजिटल उपकरणों के उपयोग के परिणामस्वरूप नागरिकों और संसद के बीच की दूरी कम हुई है। उन्होंने दोनों देशों की विधायिकाओं के बीच अधिक सहयोग और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने का सुझाव दिया।श्री बिरला ने भारत और फ्रांस के बीच नियमित रूप से राजनयिक और संसदीय स्तर पर होने वाले सार्थक संवाद पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने पिछले वर्ष ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय संसदीय शिष्टमंडल के फ्रांस दौरे का स्मरण करते हुए उस अवसर पर फ्रांस द्वारा आतंकवाद की स्पष्ट शब्दों में निंदा किए जाने की सराहना की। उन्होंने निरंतर समर्थन और सहयोग देने के लिए फ्रांसीसी शिष्टमंडल के सदस्यों का भी आभार व्यक्त किया।

# सम्पादकीय

## नारी शक्ति वंदन: आधी आबादी का हक या 2029 का चुनावी दांव?

यदि महिलाएं सशक्त होती हैं और देश के शासन-प्रशासन में उनकी भागीदारी बढ़ती है, तो हमारे लोकतंत्र और समाज के लिए इससे बेहतर भला और क्या होगा। आधी आबादी को उनका हक मिलना सिर्फ न्याय नहीं, बल्कि राष्ट्र की प्रगति के लिए अनिवार्य है। लेकिन जब हम महिला आरक्षण से जुड़े हालिया घटनाक्रमों और इसके कानूनी पेचीदगियों को देखते हैं, तो साफ नजर आता है कि सरकार की मंशा इस मुद्दे पर पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। ऐसा लगता है कि इसे वास्तविक सशक्तिकरण के बजाय एक राजनीतिक हथियार के तौर पर अधिक इस्तेमाल किया जा रहा है। इस कानून की सबसे बड़ी और बुनियादी कमी इसका शर्तों में बंधा होना है। सरकार ने बिल तो पास कर दिया, लेकिन इसके साथ एक ऐसी शर्त जोड़ दी जिसने इसे फिलहाल एक भविष्य का वादा बनाकर छोड़ दिया है। कानून के मुताबिक, आरक्षण तभी लागू होगा जब नई जनगणना होगी और उसके आधार पर सीटों का नया बंटवारा यानी परिसीमन होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस लंबी प्रक्रिया के कारण यह आरक्षण 2029 या शायद 2034 तक खिंच सकता है। सवाल यह उठता है कि अगर नीयत साफ थी, तो इसे तुरंत मौजूदा सीटों पर ही क्यों लागू नहीं किया गया? जनगणना और परिसीमन जैसी उलझी हुई प्रक्रियाओं के साथ जोड़कर सरकार ने इसे एक ऐसे रास्ते पर डाल दिया है, जिसकी मंजिल का फिलहाल कोई पता नहीं है। जैसे ही सरकार सीटों के नए बंटवारे की बात करती है, दक्षिण भारतीय राज्यों की चिंता ब? जाती है। तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों ने पिछले कई सालों में जनसंख्या को काबू करने के लिए बहुत अच्छा काम किया है। अब तकनीकी दिक्कत यह है कि यदि सीटों का फैसला केवल आबादी के आधार पर होता है, तो उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों की लोकसभा सीटें बहुत ज्यादा बढ़ जाएंगी और दक्षिण का राजनीतिक वजन कम हो जाएगा। आंकड़ों के हिसाब से देखें तो उत्तर भारत के कुछ राज्यों में सीटें अस्सी प्रतिशत तक ब? सकती हैं, जबकि दक्षिण में यह बढ़ोतरी बहुत कम होगी। दक्षिण के राज्यों का कहना है कि उन्हें अच्छा काम करने की सजा दी जा रही है। सरकार ने इस क्षेत्रीय विवाद को सुलझाने का कोई पक्का रास्ता बताए बिना ही महिला आरक्षण को सीटों के बंटवारे से जोड़ दिया। इससे यह डर पैदा हो गया है कि महिलाओं को हक देने के नाम पर कहीं देश के अलग-अलग हिस्सों के बीच का तालमेल ही न बिगड़ जाए।

इस बिल की एक और बड़ी व्यावहारिक चिंता प्रॉक्सी संस्कृति और रसूखदार राजनीतिक घरानों का कब्जा है। इसे आसान भाषा में समझें तो यह नाम महिला का और काम पुरुष का वाली स्थिति है। गाँवों की पंचायतों में हमने अक्सर देखा है कि महिला चुनाव तो जीत जाती है, लेकिन दफ्तर में उसके पति, पिता या भाई बैठते हैं और सारे फैसले वही लेते हैं। इसे ही पति-सरपंच संस्कृति कहा जाता है। अब डर यह है कि विधानसभा और संसद में भी यही होगा। राजनीतिक पार्टियां जमीन से जुड़ी संघर्षशील महिलाओं के बजाय उन्हीं महिलाओं को टिकट देंगी जो पहले से ताकतवर राजनीतिक परिवारों से आती हैं। यानी एक आम महिला के लिए संसद के दरवाजे अभी भी बंद रह सकते हैं, क्योंकि आज के दौर में चुनाव लड़ना बहुत महंगा हो चुका है और महिलाओं के पास अपने खर्च के लिए पैसे नहीं होते। बिना सरकारी मदद या चुनावी खर्च में छूट के, यह आरक्षण केवल अमीर वर्ग की महिलाओं तक सिमट कर रह जाएगा। इसके अलावा, राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषदों को इस आरक्षण से बाहर रखना भी एक बड़ी खामी है। लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या अभी बहुत कम है, फिर भी बड़े सदनों में उनकी भागीदारी पर चुप रहना सरकार की सोच पर सवाल उठाता है। साथ ही, पार्टियों के भीतर लोकतंत्र की कमी एक और कड़वा सच है। जब तक टिकट बांटने वाली मुख्य कमेटियों में महिलाओं को जगह नहीं मिलती, तब तक चुनी गई महिला प्रतिनिधियों की ताकत केवल कागजों तक ही रहेगी। एक और कमी सीटों के बदलने का नियम है। हर चुनाव के बाद आरक्षित सीटें बदलने से नेताओं की अपने इलाके के प्रति जिम्मेदारी खत्म हो जाएगी, क्योंकि उन्हें पता होगा कि अगला चुनाव उन्हें वहां से लड़ना ही नहीं है। कुल मिलाकर, सरकार ने बिल पास करके सुर्खियां तो बटोर लीं, लेकिन इसे लागू करने में जो रुकावटें छोड़ी हैं, वे इसे एक अधूरा और जल्दबाजी में लिया गया फैसला साबित करती हैं। बिना किसी ठोस तैयारी के, केवल चुनाव की हवा को देखते हुए कानून बना देना लोकतंत्र के लिए सही संकेत नहीं है। जब तक जनगणना, सीटों के बंटवारे और दक्षिण-उत्तर के विवाद का कोई ऐसा हल नहीं निकलता जिससे सब सहमत हों, तब तक यह कानून केवल एक सुनहरा सपना ही रहेगा।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से वंशवाद एवं प्रॉक्सी नेतृत्व को बढ़ावा?

**एडवोकेट किशन सनमुखदास**

क्या हम केवल महिला नेतृत्व संख्या बढ़ाना चाहते हैं? या वास्तव में महिलाओं को सशक्त बनाना चाहते हैं? यही प्रश्न आज संसद के सामने है,और यही इस अधिनियम की वास्तविक परीक्षा भी। क्या चुनी हुई महिला प्रतिनिधि केवल एक औपचारिक चेहरा बनकर रह जाती हैं?जबकि वास्तविक निर्णय व नेतृत्व उनके पति, पिता,भाई या अन्य पुरुष रिश्तेदार लेते हैं? संसद ने इसपर सख्त संज्ञान लेना समय की मांग वैश्विक स्तरपर भारत में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023(106वां संशोधन) (महिला आरक्षण विधेयक) भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर माना जा रहा है महिलाओं को लोकसभा और राज्यविधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर नीति-निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करता है।आलोचकों का मानना है कि इससे प्रॉक्सी नेतृत्व (पति/पिता के नाम पर महिला प्रतिनिधि)और वंशवाद/भाई-भतीजावाद बढ़ सकता है, जबकि समर्थक इसे महिलाओं के सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कदम मानते हैं।आलोचक तर्क देते हैं कि ग्रामीण या जमीनी स्तरपर पुरुष नेता अपनी पत्नियों या बेटियों को उम्मीदवार बनाकर पर्दे के पीछे से शासन कर सकते हैं।यह भी आशंका जताई जा रही है कि पहले से स्थापित राजनीतिक परिवार अपनी महिला सदस्यों को सीटें दिलाने के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह बताना चाहूंगा कि वैसे ग्रामीण स्तरपर प्रॉक्सी सरपंच के ऊपर सरकार ने एक्शन लिया है वैसा ही नियम नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 में भी बनाना जरूरी है।13 अप्रैल 2026 को पीएम ने राष्ट्रीय स्तर के महिला सम्मेलन में कहा कि लोकतंत्र में महिला आरक्षण अति आवश्यक है महिलाओं की भागीदारी लोकतंत्र को मजबूत करती है,मैं अत्यंत जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि यह 21वीं सदी के महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक है,यह निर्णय नारी शक्ति को समर्पित है,नारी शक्ति वंदन को समर्पित हैं।बता दें दशकों से लंबित इस मांग को संवैधानिक स्वरूप देकर यह अधिनियम महिलाओं को विधायिका में समान भागीदारी की दिशा में आगे बढ़ाता है।किंतु इस




ऐतिहासिक पहल के साथ- साथ कई जमीनी चुनौतियां और संरचनात्मक समस्याएं भी सामने आती हैं,जिनका समाधान किए बिना यह आरक्षण केवल संख्यात्मक प्रतिनिधित्व तक सीमित रह सकता है,वास्तविक नेतृत्व तक नहीं पहुंच पाएगा? यहां सबसे बड़ा प्रश्न यह उठता है कि क्या इस अधिनियम से वंशवाद तथा प्रॉक्सी नेतृत्व शुरू नहीं हो जाएगा? क्या केवल आरक्षण देने से महिलाओं का वास्तविक नेतृत्व सुनिश्चित हो जाएगा?भारत के ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकायों के अनुभव बताते हैं कि ऐसा जरूरी नहीं है। अनेक मामलों में चुनी हुई महिला प्रतिनिधि केवल एक औपचारिक चेहरा बनकर रह जाती हैं,जबकि वास्तविक निर्णय उनके पति, पिता,भाई या अन्य पुरुष रिश्तेदार लेते हैं। इस प्रवृत्ति को आम भाषा में सरपंच पति या प्रॉक्सी नेतृत्व कहा जाता है। यह समस्या केवल पंचायत स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि कई बार राज्य और राष्ट्रीय स्तर की राजनीति में भी देखने को मिलती है।यह स्थिति लोकतंत्र की मूल भावना जनता द्वारा,जनता के लिए,जनता का शासन के साथ एक प्रकार का समझौता है।जब एक महिला प्रतिनिधि केवल नाममात्र की होती है और वास्तविक सत्ता किसी और के हाथ में होती है, तब यह न केवल महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य को विफल करता है,बल्कि मतदाताओं के विश्वास के साथ भी धोखा है। इसलिए यह आवश्यक हो जाता है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 में ऐसे प्रावधान जोड़े जाएं जो इस प्रॉक्सी नेतृत्व को रोक सकें। 16 से 18 अप्रैल 2026 को होने वाले संसद के विशेष सत्र में भाग लेने वाले सांसदों का ध्यान मैं इस आर्टिकल के माध्यम से आकर्षित करना चाहता हूं कि वे इस विषय पर संज्ञान लेकर संसद में विचार विमर्श करें ऐसा मेरा निवेदन है? साथियों बात अगर हम सरकार द्वारा उठाए गए सरपंच पति के खिलाफ़ एक्शन की करें तो ज़मीनी स्तरपर लोकतंत्र को मज़बूत करने के लिए एक अहम कदम के तौर पर,पंचायती राज मंत्रालय ने प्रॉक्सी सरपंच को ना कहें कैंपेन शुरू किया है।इंटरनेशनल महिला दिवस 2026 पर शुरू की गई इस देशव्यापी पहल का मकसद सरपंच पति कल्चर को खत्म करना है,जो बहुत गहराई तक जड़ें जमा चुका है और यह पक्का करना है कि चुनी हुई महिला प्रतिनिधि अपने संवैधानिक अधिकार का इस्तेमाल आज़ादी से करें। सरपंच पति या प्रधान पति उस प्रथा को कहते हैं जिसमें चुनी हुई महिला सरपंच का पति या पुरुष रिश्तेदार असल में एडमिनिस्ट्रेटिव और फ़ैसले लेने की पावर रखता है, जिससे महिला सिर्फ़ केवल नाममात्र की ही मुखिया बनकर रह जाती है जो लोकतंत्र के सिद्धांतों के खिलाफ है। साथियों बात अगर हम महिलाओं को सशक्त बनाने वास्तविक नेतृत्व देने का अपना उद्देश्य सफल बनाने की करें तो मेरे विचार से इन पांच रणनीतियों पर संज्ञान लेने की सख़्त जरूरत है,सबसे पहली रणनीति यह होसकती है कि कानून में स्पष्ट रूप से प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व की परिभाषा दी जाए और इसे दंडनीय अपराध घोषित किया जाए। यदि यह प्रमाणित हो कि किसी महिला जनप्रतिनिधि के अधिकारों का प्रयोग कोई अन्य व्यक्ति कर रहा है,जैसे कि बैठकों में भाग लेना, निर्णय लेना,दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करना, सीक्रेट दस्तावे देखना चुनीं हुई प्रतिनिधि के सिवाय उसका पति या कोई रिश्तेदार कर रहा है तो तो उस स्थिति में संबंधित व्यक्ति और महिला प्रतिनिधि दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का प्रावधान होना चाहिए। इसके तहत पद से अयोग्यता, जुर्माना और कारावास जैसी सख्त सजा का प्रावधान किया जा सकता है।दूसरी महत्वपूर्ण रणनीति है,क्षमता निर्माण (कैपेसिटी बिल्डिंग)। केवल सीट आरक्षित कर देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को प्रशासनिक,विधायी और वित्तीय प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण देना अनिवार्य किया जाना चाहिए। इसके लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तरपर विशेष प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किए जा सकते हैं,जहां महिलाओं को नेतृत्व कौशल,निर्णय लेने की क्षमता और संवैधानिक अधिकारों की जानकारी दी जाए।

# बाल तस्करी पर सख्ती जरुरी, न्याय और जिम्मेदारी का समय

**- कांतिलाल मांडोत**

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में बच्चों की सुरक्षा केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं बल्कि नैतिक और संवैधानिक कर्तव्य भी है। हाल ही में सुप्रीम करतबने बाल तस्करी के बढ़ते मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए राज्यों को सख्त और त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने स्पष्ट कहा कि वह निगरानी कर सकती है लेकिन वास्तविक कार्रवाई का दायित्व राज्य सरकारों और प्रशासनिक तंत्र पर ही है। यह टिप्पणी केवल एक कानूनी बयान नहीं बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो सकती है। बाल तस्करी एक जटिल और बहुआयामी अपराध है जो केवल बच्चों के अपहरण तक सीमित नहीं रहता बल्कि इसमें जबरन मजदूरी यौन शोषण भीख मंगवाना और अवैध गतिविधियों में धकेलना जैसे गंभीर अपराध शामिल होते हैं। यह समस्या केवल शहरों तक सीमित नहीं है बल्कि ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में भी तेजी से फैल रही है जहां जागरूकता की कमी और गरीबी के कारण बच्चे अधिक संवेदनशील होते हैं। अदालत ने इस बात पर भी जोर दिया कि देशभर में संगठित गिरोह सक्रिय हैं जो बच्चों को निशाना बनाते हैं और उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाकर शोषण करते हैं। इस मुद्दे की गंभीरता को समझने के लिए यह आवश्यक है कि हम इसके मूल कारणों पर भी ध्यान दें। गरीबी बेरोजगारी अशिक्षा और सामाजिक असमानता जैसे कारक बाल तस्करी को बढ़ावा देते हैं। कई बार माता पिता आर्थिक मजबूरी के चलते बच्चों को काम पर भेजने के लिए मजबूर हो जाते हैं और यही स्थिति तस्करों के लिए अवसर बन जाती है। इसके अलावा शहरीकरण और पलायन भी एक बड़ा कारण है जहां परिवारों का सामाजिक ढांचा कमजोर पड़ जाता है और बच्चों की सुरक्षा खतरे में आ जाती है। अदालत ने अपने अवलोकन में यह भी कहा कि कई मामलों में राज्य सरकारों की प्रतिक्रिया धीमी और असंगठित होती है जिससे अपराधियों के हौसले बढ़ते हैं। पुलिस और प्रशासन के बीच समन्वय की कमी भी एक बड़ी समस्या है। कई बार मामलों की सही जांच नहीं हो पाती और पीड़ित बच्चों को न्याय मिलने में देरी होती है। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि कानून का प्रभावी क्रियान्वयन ही इस समस्या का समाधान है और इसके लिए सभी संबंधित एजेंसियों को मिलकर काम करना होगा। बाल तस्करी के मामलों में त्वरित कार्रवाई इसलिए भी जरूरी है क्योंकि इसमें हर पल महत्वपूर्ण होता है। जितनी देर कार्रवाई में होती है उतनी ही संभावना बढ़ जाती है कि बच्चा किसी अन्य स्थान पर ले जाया जाए या उसका शोषण किया जाए। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल नीतियां बनाना पर्याप्त नहीं है बल्कि उन्हें जमीन पर लागू करना भी उतना ही आवश्यक है। इसके लिए प्रशासनिक इच्छाशक्ति और जवाबदेही जरूरी है। इस संदर्भ में समाज की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। केवल सरकार और अदालत पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं होगा। आम नागरिकों को भी सतर्क रहना होगा और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को देनी चाहिए। स्कूलों और समुदायों में जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों और अभिभावकों को इस खतरे के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। इससे न केवल अपराधों की रोकथाम होगी बल्कि पीड़ितों को समय पर सहायता भी मिल सकेगी।

तकनीक का उपयोग भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण साधन बन सकता है। डिजिटल प्लेटफॉर्म और डाटाबेस के माध्यम से लापता बच्चों की जानकारी को तेजी से साझा किया जा सकता है जिससे उन्हें खोजने में सहायता मिलती है। हालांकि इसके लिए डेटा की गोपनीयता और सुरक्षा का भी ध्यान रखना आवश्यक है ताकि किसी प्रकार का दुरुपयोग न हो। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि यदि राज्य सरकारें अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं करती हैं तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। यह केवल कानून व्यवस्था का मुद्दा नहीं बल्कि मानवाधिकार का प्रश्न है। हर बच्चे को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार है और इसे सुनिश्चित करना

# जलियांवाला बाग पूर्व नियोजित हत्याकांड एवं शहीद-ए-आजम ऊधम सिंह

**एक समीक्षा**


**डॉ. रामजीलाल, सामाजिक वैज्ञानिक,पूर्व प्राचार्य, दयाल सिंह कॉलेज, करनाल ( हरियाणा -भारत )**

विश्व युद्ध (सन् 1914 - सन् 1918) के समय अंग्रेजी सरकार का यह कहना था कि 'युद्ध स्वतंत्रता के लिए' लड़ा जा रहा है. इस युद्ध में भारतीयों के द्वारा ब्रिटिश साम्राज्यवादी की अभूतपूर्व सहायता की गई थी. सन् 1914-सन् 1916 तक 1,92,000 भारतीय सैनिकों में पंजाब के सैनिकों की संख्या 1,10,000 थी . भारतीय जनता ने केवल सैनिक ही नहीं दिए अपितु 2 करोड रुपए युद्ध का चंदा तथा 10 करोड रुपए ब्याज के रूप में भी दिए. इसके अतिरिक्त ब्रिटिश साम्राज्यवादी सरकार ने भारतीय जनता से चंदा स्वैच्छिक तथा बलपूर्वक चंदा भी लिया.

प्रथम विश्व युद्ध (सन् 1914 - सन् 1918)= असंतोष की चरम सीमा प्रथम विश्वयुद्ध में 43,000 सैनिकों की मृत्यु के कारण सैनिक परिवारों के आर्थिक स्थिति बहुत अधिक खराब हो गई .युद्ध के दौरान जनता से बलपूर्वक युद्ध का चंदा इकट्ठा करना, अभूतपूर्व महंगाई ,बेरोजगारी,भूखमरी,जनता पर कर्ज , महामारी, असंतुलित मानसून, आर्थिक मंदी का दौर ,गदर पार्टी के क्रांतिकारी आंदोलन का पंजाबी युवाओं पर निरंतर बढ़ता हुआ प्रभाव एवं तुर्की में पैन इस्लामिक मूवमेंट के कारण भारतीय जनता में भी असंतोष की भावना चरम सीमा पर थी.

**क्रांतिकारी आंदोलन का खतरा -डिफेंस ऑफ़ इंडिया एक्ट, 1915**-बंगाल और पंजाब में क्रांतिकारी हमले, फरवरी 1915 में ब्रिटिश इंडियन आर्मी में विद्रोह की योजना,सन् 1914 और सन् 1917 के बीच भारत, अमेरिका और जर्मनी में भारतीय राष्ट्रवादियों द्वारा प्लान किए गए कई विद्रोह, ग़दरवादी क्रांतिकारी आंदोलन का खतरा, एडमिनिस्ट्रेशन के कमज़ोर होने का खतरा, और जाने-माने ग़दरवादी क्रांतिकारियों की गिरफ्तारी, ब्रिटिश युद्ध की कोशिशों को चुनौती, और भारत में अलगाव वादी आंदोलन के खतरे इत्यादि की संभावना के कारण डिफेंस ऑफ़ इंडिया एक्ट 1915 पास हुआ, जिससे भारतीयों की नागरिक और राजनीतिक आज़ादी पर रोक लग गई. उस समय के लेफ्टिनेंट गवर्नर, ओडायर, पंजाब में ग़दरवादी खतरे की बढ़ती संभावना के कारण इस एक्ट के पक्के समर्थक थे.

अराजक और क्रांतिकारी क्रिमिनल एक्ट, 1919-ब्रिटिश साम्राज्यवादी सरकार ने असहमति को दबाने के लिए अराजक और क्रांतिकारी क्रिमिनल एक्ट, 1919 (रॉलेट एक्ट) लागू किया.इन अधिनियम के अंतर्गत प्रेस पर नियंत्रण, स्वतंत्र आंदोलन को रोकना, नेताओं पर बिना मुकदमा चलाए जेल में डालना, बिना वारंट गिरफ्तार करना एवं विशेष न्यायाधिकरणों तथा बंद कमरों में बिना किसी जिम्मेवारी के अभियोग चलाना इत्यादि



अधिकार सरकार को दिए गए.

रॉलेट एक्ट, 1919 =भारत की तीव्र प्रतिक्रिया-भारत में रॉलेट एक्ट के विरुद्ध तीव्र प्रतिक्रिया हुई, मुहम्मद अली जिन्ना ने अपनी बॉम्बे सीट से इस्तीफ़ा दे दिया. इस एक्ट की आलोचना करते हुए उन्होंने वायसराय को एक पत्र में लिखा, इसलिए, बिल के पास होने और जिस तरह से इसे पास किया गया, उसके विरोध में मैं अपना इस्तीफ़ा देता हूँ... जो सरकार शांति के समय में ऐसा कानून पास करती है या मंज़ूरी देती है, वह सभ्य सरकार कहलाने का अपना दावा खो देती है. इसके अतिरिक्त महात्मा गांधी, जिन्होंने ब्रिटिश सरकार की युद्ध के समय सहायता की थी उन्होंने रॉलेट एक्ट के खिलाफ विरोध का ज़ोरदार आह्वान किया.. इन %काले कानूनों% के खिलाफ %कोई अपील नहीं, कोई दलील नहीं, कोई वकील नहीं% का नारा पूरे भारत में गांवों की झौपड़ियों से लेकर देश की राजधानी - नई दिल्ली तक हर घर में गूंज उठा.

परंतु सर्वाधिक विरोध पंजाब में हुआ.10 अप्रैल 1919 को, मशहूर राष्ट्रीय नेताओं -सत्यपाल और सैफुद्दीन किचलू की रिहाई के लिए अमृतसर के तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर माइल्स इरविंग के घर पर आंदोलनकारियों ने विरोध प्रदर्शन किया किया.12 अप्रैल की शाम को यह घोषणा की कि अगले दिन (13 अप्रैल)16=30 बजे अमृतसर के जलियांवाला बाग में इनका विरोध करने के लिए जन सभा आयोजित की जाएगी ..दूसरी तरफ 13 अप्रैल को पंजाब में मार्शल लॉ लगा दिया गया.

**सुनियोजित नरसंहार**

13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग में वैशाखी मनाने और रौल्ट एक्ट का विरोध करने के लिए लगभग 20,000 लोग शांतिपूर्ण सभा कर रहे थे. इस शांतिपूर्ण समारोह पर सुनियोजित योजना के आधार पर भारतीयों को सबक सिखाने के लिए ब्रिगेडियर जनरल रेजीनाल्ड एडवर्ड डायर ने शाम 5.15 बजे नेपाली मूल के गोरखा और ब्रिटिश इंडियन आर्मी के सिख सैनिकों की टुकड़ी के साथ सभा स्थल को घेर लिया और बिना किसी चेतावनी के गोली चलाने के आदेश दिए .सैनिक टुकड़ी ने लगभग 1650 गोलियां फायर की तथा फायरिंग गोलियां समाप्त होने तक चलती रही. लगभग 15 मिनट में अमृतसर के सिविल सर्जन डॉ. स्मिथ के अनुसार 1800 लोग मारे गए. मरने वालों में 41 लड़के व एक 6 सप्ताह की बच्ची भी थी. इस हत्याकांड में 1200लोग घायल हुए थे. ब्रिटिश सरकार के द्वारा 581 व्यक्तियों पर मुकदमें चलाए गए और उन में से 108 व्यक्तियों को मृत्यु दंड,265 व्यक्तियों को आजीवन कारावास ,85 व्यक्तियों को सात-सात वर्ष की कैद और शेष को अपमानित किया भारत में जनता का गुस्सा सातवें आसमान-जलियांवाला बाग हत्याकांड सन् 1857 की जनक्रांति के पश्चात रक्तरंजित बर्बरता, निर्दयता एवं अमानवीय नरसंहार 20वींशताब्दी प्रथम मिसाल थी. समस्त भारत में जलियांवाला बाग सुनियोजित नरसंहार के परिणाम स्वरूप जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर था।

**जलियांवाला बाग हत्याकांड = शहीद-ए-आज़म उधम सिंह**

उधम सिंह(जन्म -26 दिसंबर 1899 -शहीदी दिवस-31 जुलाई, 1940) - जलियांवाला बाग हत्याकांड का चश्मदीद गवाह था . इसलिए उसने इस राष्ट्रीय अपमान का बदला लेने की कसम खाई थी. 26 दिसंबर 1899 को उधम सिंह का जन्म पिताजी सरदार टहल सिंह कंबोज व माता जी नारायणकौर के घर हुआ इनका बचपन का नाम शेर सिंह तथा इनके भाई का नाम साधु सिंह था. बचपन में उनकी माता जी का सन् 1901 तथा पिताजी का सन् 1907 में देहांत हो गया. किशन सिंह रागी ने दोनों भाइयों - शेर सिंह व साधु सिंह को सेंट्रल खालसा अनाथालय पुतलीघर, अमृतसर में भर्ती कराया जहां सिक्ख धर्म की परम्पराओं के अनुसार इनका नाम शेर सिंह से उधम सिंह और साधु सिंह का नाम मुक्ता सिंह रखा गया.उधम सिंह ने मैट्रिक परीक्षा पास करने के पश्चात अनाथालय छोड़ दिया .हालाँकि शुरू में उनका लक्ष्य ब्रिगेडियर जनरल रेजीनाल्ड एडवर्ड डायर की हत्या करना था - जिनकी सन् 1927 में मृत्यु हो गई थी. उधम सिंह ने 13 मार्च, 1940 को लंदन के कैक्सटन हॉल में एक भाषण के दौरान माइकल ओडायर की हत्या करके अपनी प्रतिज्ञा पूरी की. अपने कृत्य के बाद, सिंह ने आत्मसमर्पण करके सिद्ध कर दिया कि वास्तव में वे भारत के शेर हैं और 31 जुलाई, 1940 को उन्हें फाँसी दे दी गई. सन् 1952 में, भारत के प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू ने सिंह को सम्मानित किया, उन्हें शहीद-ए-आज़म उधम सिंह के रूप में नामित किया और टिप्पणी की, मैं शहीद-ए-आज़म उधम सिंह को अपनी सम्मानजनक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ, जिन्होंने फाँसी के फंदे को चूमा ताकि हम आज़ाद हो सकें.

**निष्कर्ष**- उधम सिंह का संघर्ष, बलिदान, राष्ट्रवादी भावना, समाज वादी और धर्मनिरपेक्ष विचारधारा वाला जीवन सदैव युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत का काम करता रहेगा.

# लोहारा में डॉ अंबेडकर जयंती पर होनहार छात्रों को सम्मानित किया

### *शिक्षा और संघर्ष से ही पूरा होगा बाबा साहब का सपना : मांगे राम सरोहा*



**लाडवा, 15 अप्रैल ( राम गोपाल ) :** लाडवा हल्के के गाँव लोहारा में डॉ. भीमराव अंबेडकर सेवा समिति द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के 135वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की और बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि मांगे राम सरोहा, डीजीएम हैफेड और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और उन्हें नमन करके किया। इस अवसर पर समिति की ओर से गाँव के होनहार छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें शिक्षण सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मांगे राम सरोहा ने बाबा साहब के जीवन संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि जगपाल ग्रोवर जेई, बिजली विभाग, सुरेंद्र ढांडा ए.डी.ओ., सुनील पठानिया लेक्चरार, सतपाल सिंह पुनिया और लोहारा के सरपंच महिंद्र ने भी अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने एक सुर में कहा कि बाबा साहब के सपनों का भारत तभी बनेगा जब हर बच्चा शिक्षित होगा और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझेगा। इस गरिमामयी समारोह के सफल आयोजन में डॉ. भीमराव अंबेडकर सेवा समिति के प्रधान अजय कुमार, सचिव जयभगवान और कोषाध्यक्ष सतबीर सिंह की मुख्य भूमिका रही। इस अवसर पर बलविंदर सिंह, अवतार सिंह, संजीव कुमार, अमन कुमार, रामकिशन, अशोक कुमार, सुखबीर सिंह, राजेंद्र कुमार, राहुल कुमार और बलबीर सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने बाबा साहब के मिशन को आगे ले जाने का संकल्प लिया।

# विवेकानंद विद्या निकेतन में एटीएल कम्युनिटी-डे का आयोजन




**असंध, 15 अप्रैल ( दलसिह मान ) :** कैथल रोड़ स्थित विवेकानंद विद्या निकेतन में विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब में अपना एटीएल कम्युनिटी डे सफलतापूर्वक आयोजित किया। जिसमें छात्रों की रचनात्मकता, नवाचार और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया गया और युवा मस्तिष्कों में अनुभव आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गर्मजोशी भरे स्वागत के साथ हुई, जिसने दिन के लिए एक जीवंत और उत्साहपूर्ण माहौल तैयार किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रूप कृष्ण भट्ट ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा बाहर के स्कूलों से आए सभी छात्रों व अध्यापकों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने रोबोटिक्स और मोजो सर्किट इलेक्ट्रॉनिक्स किट पर आकर्षक हैंड्स-ऑन सत्रों का नेतृत्व किया, जहाँ उन्होंने आत्मविश्वास के साथ अपने प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया और गैर-एटीएल स्कूलों के प्रतिभागियों को मुख्य अवधारणाएं समझाईं। कार्यक्रम के दौरान एक मुख्य आकर्षण डिज़ाइन थिंकिंग प्रतियोगिता थी, जिसमें छात्रों ने अखबारों और आसानी से उपलब्ध सामग्री का उपयोग करके नवाचारी और व्यावहारिक मॉडल बनाए। इस गतिविधि ने उनकी समस्या समाधान क्षमताओं, टीम वर्क और रचनात्मक सोच को खूबसूरती से दर्शाया। कार्यक्रम मूल्यांकन और निर्णय के साथ आगे बढ़ा, जिसके बाद परिणामों की घोषणा की गई। प्रथम स्थान पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, असंध, द्वितीय स्थान राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सफीदों तथा तृतीय स्थान गुरु अर्जन देव गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, असंध ने हासिल किया। कार्यक्रम की सफलता में योगदान देते हुए, याचना (कक्षा 10), देवदीप, छवि और तकदीर (कक्षा 9) ने गैर-एटीएल स्कूलों के छात्रों के लिए उत्कृष्ट रोबोटिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स सत्र देकर सराहनीय भूमिका निभाई, जो उत्कृष्ट संचार और तकनीकी कौशल को दर्शाता है। कार्यक्रम के अंत में एटीएल इंचार्ज तनवी ने सभी का धन्यवाद किया।

सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति और प्रोत्साहन ने छात्रों को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में खोज, नवाचार और उत्कृष्टता के लिए और प्रेरित किया। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल गीता, मुख्याध्यापिका ललिता, समन्वयक राजेश भार्गव तथा सभी कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे।

# समय पर भुगतान और मजबूत व्यवस्थाओं से किसानों को राहत : उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया



**पानीपत, 15 अप्रैल ( हरप्रीत छतवाल ) :** जिले की अनाज मंडियों में चल रही गेहूं खरीद प्रक्रिया का जायजा लेने के लिए मंगलवार को उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया और पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ इसराना की नई अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने खरीद, उठान और भुगतान व्यवस्था का विस्तृत आकलन किया तथा मौके पर मौजूद किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। निरीक्षण के दौरान अधिकांश किसानों ने मंडी में उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। किसानों ने बताया कि उन्हें उनकी फसल का भुगतान समय पर मिल रहा है और मंडी में पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उचित रूप से उपलब्ध हैं। हालांकि, किसानों ने खरीद प्रक्रिया से जुड़े पोर्टल के सुचारू रूप से कार्य न करने की समस्या को प्रमुख रूप से उठाया। किसानों का कहना था कि तकनीकी बाधाओं के कारण उन्हें कुछ असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनमें हल्की बेचैनी बनी हुई है। इस पर उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पोर्टल से संबंधित समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा रहा है। सम्बंधित विभाग इस दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है और बहुत जल्द पोर्टल की स्थिति पूरी तरह सामान्य हो जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि मंडियों में खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए डिजिटल प्रणाली को मजबूत किया जा रहा है। उपायुक्त ने किसानों से मंडी में खरीद, उठान और भुगतान की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। किसान जय करण ने बताया कि मंडी की व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं और उन्हें समय पर भुगतान प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाएं भी व्यवस्थित हैं तथा बायोमेट्रिक और गेट पास से संबंधित किसी प्रकार की समस्या इसराना मंडी में नहीं है। इस अवसर पर कुछ किसानों ने ऑफलाइन व्यवस्था लागू करने की मांग भी रखी, जिस पर उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि ऑफलाइन प्रणाली से किसानों को किसी प्रकार का लाभ नहीं होगा। उन्होंने कहा कि ऑफलाइन प्रक्रिया से पारदर्शिता प्रभावित हो सकती है और कार्य में देरी भी हो सकती है, इसलिए डिजिटल व्यवस्था को ही अधिक प्रभावी और सुदृढ़ बनाया जा रहा है।

उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि प्रशासन मंडियों में खरीद प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और सुचारू व्यवस्था के साथ संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार किसानों के साथ खड़ी है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक किसान को उसकी फसल का उचित मूल्य समय पर प्राप्त हो। उपायुक्त ने बताया कि हैफेड द्वारा अब तक लगभग 77 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है, जिसमें से 20 हजार क्विंटल से अधिक का उठान भी हो चुका है तथा 1012 किसानों के खातों में भुगतान किया जा चुका है। इसी प्रकार वेयरहाउस के माध्यम से भी 77 हजार क्विंटल से अधिक गेहूं की खरीद की जा चुकी है, जिसमें से 19 हजार क्विंटल का उठान हो चुका है और 850 किसानों के खातों में भुगतान भेजा जा चुका है।

उपायुक्त ने कहा कि यह आंकड़े दर्शाते हैं कि खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है और किसानों को किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी नहीं होने दी जा रही है। वहीं, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मंडियों में कानून व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ है। उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंडी परिसर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

यातायात व्यवस्था को भी सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसान सुरक्षित और सहज वातावरण में अपनी फसल की बिक्री कर सकें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या समस्या उत्पन्न होने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। वास्तविकता यह है कि इसराना मंडी में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं और प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि खरीद प्रक्रिया बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से जारी रह सके।

# गेहूं खरीद में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया




**पानीपत, 15 अप्रैल ( हरप्रीत छतवाल ) :** राज्य में रबी विपणन सीजन (आरएमएस) 2026-27 के तहत गेहूं खरीद संचालन की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण वीडियो कांफ्रेंस का आयोजन बुधवार को राज्य स्तर पर किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता ने की। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ गेहूं खरीद प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा की गई और व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए।

समीक्षा बैठक में उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने जिले की स्थिति पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खरीद प्रक्रिया के दौरान पोर्टल में तकनीकी खामियां सामने आ रही हैं, जिसके कारण अनलोडिंग में दिक्कतें आ रही हैं। इस पर प्रधान सचिव ने संबंधित विभागों को तुरंत समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि प्रशासन किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने देगा और सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

उपायुक्त ने कहा कि जिले में खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

वीडियो कांफ्रेंस के बाद उपायुक्त ने विभिन्न खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक भी की। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि गेहूं खरीद कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपायुक्त डॉ दहिया ने कहा कि किसानों की मेहनत का सम्मान करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। खरीद प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आई तो संबंधित अधिकारी या एजेंसी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी एजेंसियां यह सुनिश्चित करें कि किसानों की फसल समय पर खरीदी जाए और लिफ्टिंग में किसी प्रकार की देरी न हो।

उपायुक्त ने विशेष रूप से हैफेड और वेयरहाउस एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे खरीद कार्य में तेजी लाएं और फसल की समय पर लिफ्टिंग सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि मंडियों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या देरी किसानों के लिए परेशानी का कारण बन सकती है, जिसे किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे मंडियों का नियमित निरीक्षण करें और मौके पर ही समस्याओं का समाधान करें।

इस मौके पर एसडीएम मनदीप कुमार, एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना नवदीप नैन, डीडीपीओ राजेश शर्मा, डीएफएससी दिव्या सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। विदित रहे कि इस बार गेहूं खरीद प्रक्रिया को पूरी तरह व्यवस्थित और किसान हितैषी बनाने के लिए हर स्तर पर सख्ती बरती जाएगी, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# यह जनगणना देश की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना : उपायुक्त

**पानीपत, 15 अप्रैल ( हरप्रीत छतवाल ) :** पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला परिषद एच.आर.डी.ए., की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. किरण सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एम. पी. एल. ए. डी. एस.), ग्राम स्वराज अभियान (एस.ए.जी.वाई.), प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (पी.एम.ए.जी.वाई.), वाइब्रेंट ग्राम योजना (वी. ए. एन. जी. वाई.), स्वच्छ भारत मिशन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), हरियाणा ग्रामीण विकास योजना (एच.जी.वी.वाई.), आवारा कुत्तों से संबंधित कार्य, हरियाणा ग्रामीण विकास निधि (एच.आर.डी.एफ.), मुख्यमंत्री घोषणाएं, ई-लाइब्रेरी, जिम, महिला सांस्कृतिक केंद्र, व्यायामशाला, कॉलोनियों का नियमितीकरण, ग्राम सचिवालय एवं शिवधाम, मुख्यमंत्री विंडो एवं जनसंवाद, कच्ची फिरनी, स्मार्ट स्ट्रीट्स, जिला परिषद, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायतों के कार्यों सहित खेतों के रास्तों से जुड़ी परियोजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

डॉ. किरण सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं पर कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है, उन्हें तुरंत शुरू किया जाए तथा जो कार्य लंबे समय से लंबित हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में यह भी समीक्षा की गई कि योजनाओं के क्रियान्वयन में यदि किसी प्रकार की बाधा या समस्या आ रही है, तो उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर कार्यकारी अभियंता, जिला परिषद, उपमंडल अभियंता, पानीपत, खंड पानीपत एवं इसराना के संबंधित कनिष्ठ अभियंता के अलावा जिला परिषद एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय के सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जींद राजकीय महाविद्यालय का नाम होगा अब संत शिरोमणि श्री सैन भगत के नाम पर, सैन समाज में खुशी की लहर, मुख्यमंत्री का जताया आभार



**नरवाना, 15 अप्रैल ( नरेन्द्र कुमार ) :** हरियाणा सरकार के एक ऐतिहासिक फैसले के तहत जींद के राजकीय महाविद्यालय का नाम बदलकर अब च्संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर दिया गया है। इस घोषणा के बाद सैन समाज में खुशी की लहर दौड़ गई है और इसे सामाजिक सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।सैन सभा नरवाना और कोर कमेटी हरियाणा के वरिष्ठ सदस्य डॉ. अमित सैन ने इस फैसले पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी का हृदय से आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय समाज के सम्मान और पहचान को नई ऊंचाई देने वाला है।

डॉ. अमित सैन ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा संत शिरोमणि श्री सैन भगत जी के नाम पर शिक्षण संस्थान का नामकरण करना एक सराहनीय और नायाब पहल है। इससे स्पष्ट होता है कि सरकार पिछड़े वर्गों के उत्थान और सम्मान के प्रति गंभीर है। उन्होंने कहा कि इस कदम से समाज में समानता, समरसता और प्रेरणा का संदेश जाएगा। इस महत्वपूर्ण निर्णय को साकार करने में कई वरिष्ठ नेताओं का सहयोग रहा, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, कृष्ण बेदी कैबिनेट मंत्री, डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिंडा,रणबीर गंगवा कैबिनेट मंत्री का डॉ. अमित सैन ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहाआज का दिन सैन समाज के लिए किसी दिवाली के उत्सव से कम नहीं है। शिक्षा के मंदिर को हमारे आराध्य के नाम से जोड़ना पूरे समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने सुझाव दिया कि भविष्य में विश्वविद्यालयों और बड़े संस्थानों का नाम महात्मा ज्योतिबा फुले, माता सावित्रीबाई फुले और संत नामदेव जी महाराज जैसे महान संतों और समाज सुधारकों के नाम पर रखा जाए ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके आदर्शों से प्रेरणा ले सकेंइस ऐतिहासिक फैसले पर समाज के कई लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी। इनमें प्रमुख रूप से ओमप्रकाश सैन, सतपाल सैन, महेंद्र सैन, रमेश सैन, संजीव सैन, राहुल सैन, नरेंद्र सैन और दयानंद सैन शामिल रहे।

# 10 साल से सक्रिय चिखलीगर गैंग का सरगना गिरफ्तार, 24 से अधिक मामलों का खुलासा

**बनासकांठा, 15 अप्रैल ( निस ) :** गुजरात के बनासकांठा जिले में लोकल क्राइम ब्रांच (एलसीबी) ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए पिछले 10 वर्षों से राज्यभर में वाहन चोरी और चेन स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाली कुख्यात चिखलीगर गैंग के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह गैंग पहले मोटरसाइकिल चोरी करती थी और फिर उन्हीं बाइकों का इस्तेमाल कर चेन स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देती थी। वारदात के बाद आरोपी चोरी की बाइक को लावारिस छोड़कर कपड़े बदल लेते थे, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो जाता था। गैंग द्वारा लूटी गई सोने की चेन को बाद में अलग-अलग ज्वेलर्स को बेच दिया जाता था। इस गैंग ने महेसाणा, राधनपुर, जूनागढ़, भुज, मोरबी, पालनपुर और डीसा सहित कई शहरों में अपराध किए हैं। इस मामले में बनासकांठा एलसीबी की टीम ने मुख्य आरोपी राजासिंह नरसिंह बाघा (सरदार) को पालनपुर से गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने ऊंझा से बाइक चोरी कर अपने भाई के साथ मिलकर पालनपुर में चेन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी के खिलाफ राज्य के विभिन्न जिलों में वाहन चोरी और चेन स्नैचिंग के करीब 24 मामले दर्ज हैं। दो साल पहले पालनपुर में महिला के गले से छीनी गई सोने की चेन भी पुलिस ने आरोपी के पास से बरामद कर ली है, जिसे उसने खुद पहनने के लिए संभाल कर रखा था। फिलहाल, इस मामले में फरार आरोपी रामजने सिंह नरसिंह बाघा की तलाश जारी है और पुलिस उसे जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास कर रही है। बनासकांठा एलसीबी की इस कार्रवाई से लंबे समय से सक्रिय एक संगठित अपराध गिरोह का पर्दाफाश हुआ है, जिससे राज्य में बढ़ती चेन स्नैचिंग और वाहन चोरी की घटनाओं पर लगाम लगने की उम्मीद है।

# गांव दादूपुर रोडान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित




**निसिंग, 15 अप्रैल ( जोगिंद्र सिंह ) :** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में गांव दादूपुर रोडन में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गांव एवं क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और युवाओं को सम्मानित करना तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सत्यवान महिवाल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष, उनके विचारों और समाज में समानता एवं शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन हमें शिक्षा, समानता और अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा को अपना सबसे मजबूत साधन बनाएं और समाज के विकास में योगदान दें। इसके अतिरिक्त खेल, सांस्कृतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं को भी प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि कार्यक्रम का आयोजन प्रोफेसर डॉ.धर्मवीर द्वारा किया गया था। प्रोफेसर डॉ. धर्मवीर ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर पर पीएचडी की है एवं किताब और अनेक शोध पत्र प्रस्तुत कर चुके हैं। मंच संचालन का काम सोमपाल एवं विक्की चंडालिया ने किया। इस अवसर पर आस-पड़ोस के 9 गांव के 44 विद्यार्थियों को खेल और पढ़ाई में उनकी प्रतिभा के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर जय भगवान, प्रेम सिंह, ब्लॉक समिति के अध्यक्ष सतीश बताना के प्रतिनिधि राहुल सिंह, दिलीप सिंह, रमेश, अरुण विकास, कीमती, सुरेंद्र अक्षित, विक्की चंडालिया, सोमपाल आदि मौजूद रहे।

# डीसी ने किया निसिंग अनाज मंडी का दौरा, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**निसिंग, 15 अप्रैल ( जोगिंद्र सिंह ) :** जिला उपायुक्त करनाल ने बुधवार को निसिंग अनाज मंडी का दौरा कर खरीद कार्यों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों, आढ़तियों और किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीसी ने मंडी में फसल की आवक, उठान, भुगतान और बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चलनी चाहिए।

डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में साफ-सफाई, पेयजल, छाया और बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, फसल की तुलाई और भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के आदेश भी दिए गए। इस मौके पर पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा, ताकि मंडी में कानून-व्यवस्था बनी रहे और ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे। किसानों ने अपनी कुछ समस्याएं भी डीसी के सामने रखीं, जिन पर उन्होंने तुरंत संज्ञान लेते हुए समाधान करने का आश्वासन दिया। डीसी ने कहा कि सरकार किसानों की सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों को नहीं आने दी जाएगी कोई भी परेशानी, सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें।

# घरेलू उपायों से इस प्रकार पार्लर जैसा ग्लो पाएं



गरमी का मौसम शुरु हो गया है जिसमें पसीने के कारण मेकअप अधिक देर नहीं टिकता। मगर आप कुछ घरेलू नुस्खों से भी पार्लर जैसा ग्लो पा सकती हैं।

**गुलाबजल और नींबू**

गुलाबजल और नींबू को बराबर मात्रा में मिलाकर 30 मिनट तक चेहरे पर लगाएं। इसके बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। इसका असर आपके चेहरे पर तुरंत दिखने लगेगा।

**मुलतानी मिट्टी**

टेबलस्पून मुलतानी मिट्टी में गुलाब जल मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इसे चेहरे पर 30 मिनट लगाकर रखें। फिर पानी से चेहरा धो लें। इससे भी आपको इंस्टेंट निखार मिलेगा और कोई नुकसान भी नहीं होगा।

अनार और नींबू फेस मास्क

अनार और नींबू के फेस मास्क में विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो स्किन प्रॉब्लम दूर करने के साथ-साथ उसे ग्लोइंग भी बनाते हैं। अनार और नींबू के रस को मिलाकर 30 मिनट तक चेहरे पर लगायें। फिर ठंडे पानी से धो लें।

पपीता--अगर आपके चेहरे पर पिंपल है तो आप पपीते का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए कच्चे पपीते का रस निकाल लीजिए और इसे चेहरे पर लगाइए। इससे पिंपल्स भी दूर होंगे और चेहरे पर ग्लो भी आएगा।

टमाटर--कच्चे टमाटर को अच्छी तरह पीसकर चेहरे पर 15 मिनट तक लगाएं। इसे बाद ठंडे पानी से चेहरे को धो लें। कुछ दिनों में ही आपको अंतर दिखाई देने लगेगा।

हाथ-पैर और त्वचा के रूखेपन को ठीक करने बादाम के तेल का इस्तेमाल करना बहुत फायदेमंद रहेगा। रात में सोने से पहले चेहरे और हाथ-पैर पर बादाम का तेल लगा लें। बादाम के तेल से जहां दाग-धब्बे दूर हो जाते हैं वहीं इससे त्वचा नरम भी हो जाती है।

होंठों को खास देखभाल की आवश्यकता होती है। इसके लिए नींबू के रस, ग्लोसरीन और गुलाब जल को मिलाकर एक मिश्रण तैयार कर लें। रोज रात को सोने से पहले इस मिश्रण को लगाने से एक ओर जहां होंठ मुलायम हो जाते हैं। वहीं गुलाबी भी होते हैं। कई बार बाहरी कारकों के चलते आंखों के नीचे काले घेरे आ जाते हैं। इन काले घेरों को दूर करने के लिए खीरे से बेहतर कुछ भी नहीं। खीरे के पतले-पतले टुकड़े काटकर आंखों पर रखें। इससे आंखों को ठंडक मिलेगी और काले घेरे भी दूर हो जाएंगे।

कई बार डेड स्किन के चलते भी त्वचा की चमक खो जाती है। ऐसे में शहद, नींबू और चीनी का एक मिश्रण तैयार कर लें। ये मिश्रण एक नेचुरल स्क्रब की तरह काम करता है। जिससे त्वचा साफ हो जाती है और साथ ही त्वचा में निखार भी आता है। अगर आपको लग रहा है कि आपके चेहरे की चमक कहीं खो गई है तो घबराने की जरूरत नहीं। घर में मौजूद मिल्क पाउडर में शहद मिलाएं। इसे कुछ देर के लिए चेहरे पर लगाकर छोड़ दें जब ये सूख जाए तो इसे साफ कर लें। सप्ताह में दो बार इस मिश्रण का इस्तेमाल करने से चेहरे पर निखार आ जाता है।



**ऑफिस में भी पहन सकती हैं प्रिंटेड लैगिंग्स**

प्रिटेंड लैगिंग्स का आजकल बहुत ज्यादा लोकप्रिय हो रहा है। इन्हें आप कॉलेज, कैजुअल और ऑफिस हर एक जगह पहन सकती हैं। गर्ल्स का कंफर्ट बॉटम वियर कहा जाने वाला लैगिंग्स अब और भी आकर्षक हो गया है। अब प्लेन की जगह प्रिंटेड लेगिंग्स गर्ल्स को लुभा रहे हैं। इनकी खासियत यह है कि इन्हें केजुअल और फॉर्मल दोनों आउटफिट?स के साथ मैच कर पहना जा सकता है।

परफैक्ट जिम आउटफिट -जिम के लिए ऐसे आउटफिट पहनने चाहिए जो कंफर्टेबल होने के साथ-साथ कूल और स्टाइलिश लुक भी दें। प्रिंटेड लैगिंग्स इसके लिए परफेक्ट वियर साबित हो रहे हैं। प्लेन टॉप हो या टीशर्ट इन्हें हर एक के साथ टीमअप कर ट्रेंडी लुक पाया जा सकता है।

ऑफिस में भी पहनें -कैजुअल लुक के अलावा इन्हें ऑफिस वियर के तौर पर भी कैरी किया जा रहा है। फ्लोरल, जियोमेट्रिक जैसे प्रिंट्स ऑफिस के लिए अच्छे रहेंगे। कैजुअल के लिए जहां बोल्ड प्रिंट पहनें। शर्ट, कुर्ती हर एक के साथ ये जंचेंगे। बेहतरीन पार्टी वियर -पार्टी आउटफिट के लिए सीक्विंस लैगिंग्स बेहतर विकल्प है। इसके साथ डिजाइनर टॉप पहनें। यूनिक लुक के लिए जैकेट के साथ भी इसे पहना जा रहा है।

# गर्मी के मौसम में कपड़ों में प्रिंटस पर विशेष ध्यान देना चाहिए



गर्मी के मौसम में ड्रेसेज को चुनते समय हमेशा उनके प्रिंट्स पर खास ध्यान देना चाहिए। इस मौसम में आप फ्लोरल प्रिंट्स में लगेंगी कूल और स्टाइलिश। इस मौसम में हालांकि यह प्रिंट्स बेहद कूल दिखते हैं।

**फ्लोरल है फॉरएवर प्रिंट**-फ्लोरल प्रिंट समर फ्रेंडली प्रिंट है। यह ट्रेडिशनल और वेस्टर्न दोनों तरह के आउटफिट पर बेस्ट लगता है। इस प्रिंट को हर मौके पर भी पहना जा सकता है। इसको पहनने से फ्रेश लुक आती है। यह प्रिंट आंखों को जितना अच्छा लगता है, पहनने में भी कंफर्टेबल लगता है। इस प्रिंट की खास बात यह है कि हर तरह के बॉडी टाइप पर सूट करता है लेकिन इसे पहनते हुए इस बात का ध्यान रखें कि इस पर कम से कम एक्सेसरीज पहनें और लेयरिंग से बचें। डाई प्रिंट --गर्मी में ड्राई प्रिंट भी खूब ट्रेंडी लगते हैं। इसमें मल्टीकलर होते हैं जो इसे समर परफेक्ट प्रिंट बनाते हैं। यह बीच वेकेशन के लिए भी बेस्ट हैं। लेकिन इस तरह के प्रिंट को इनवर्टेड ट्रायंगल और एप्पल शेप बॉडी पर पहनने से बचना चाहिए। इससे बॉडी और भारी लगती है.

पाम प्रिंट --इस सीजन में पाम प्रिंट बेहद स्टाइलिश और हटकर लगता है। इसमें पाम के पत्ते के आकार का प्रिंट छपा होता है। यह प्रिंट मैक्सी ड्रेस, मिडी ड्रेस और टॉप पर ज्यादा पसंद किया जाता है। यह एक लाउड और बोल्ड प्रिंट है जिस पर एक्सेसरीज और मेकअप मिनिमल ही किया जाए तो अच्छा लगता है. जिन लोगों की बॉडी हैवी है, उन्हें इस प्रिंट से बचना चाहिये।

**पोल्का डॉट लगे स्टाइलिश**--पोल्का डॉट बहुत पुराना प्रिंट है लेकिन आज भी यह गर्मी के मौसम में काफी चलता है। इसे पहनते ही पर्सनैलिटी स्टाइलिश लगती है। पोल्का डॉट प्रिंट की साड़ी हो, सूट हो या टॉप हमेशा ट्रेंडी लगती है। फैशन इंडस्ट्री में पोल्का डॉट को एनर्जी का सिंबल माना जाता है। यह टाइमलेस प्रिंट है।

हाई हील्स पहनते समय इन बातों का रखें ध्यान

हाई हील्स पहनना हर लड़की को पसंद होता है, लेकिन दिनभर इसे पहनने में होने वाले दर्द को भी हर लड़की अच्छे से जानती है। एक पूरे दिन हील्स पहनकर जाना पड़ जाए, शाम आते-आते तक आपके पैरों में दर्द होने लगता है। ऐसे में कुछ ऐसे तरीके हैं जिससे अगली बार जब आप हील्स पहनेंगी तो आपको ऐसी तकलीफों का सामना नहीं करना पड़ेगा। सबसे पहले अपने अपने पैरों को जानें ओर उनके अनुसार अपने लिए हील्स का चुनाव करें। हील्स की जब बात हो तो लड़कियों की पहली पसंद पेंसिल हील्स या स्टिलेटो होते हैं, लेकिन अगर आपको हील के साथ-साथ आराम चाहिए तो आप ब्लॉक हील्स का चयन कर सकते हैं। दरअसल ब्लॉक हील्स पैरों को ज्यादा स्पोर्ट देती हैं जिस वजह से पैरों पर कम दबाव बनता है और दर्द कम होता है। हील्स खरीदते समय हमेशा ध्यान में रखें कि ऐसी हील का चयन करें जिसमें ज्यादा कवरेज हो। जितना ज्यादा कवरेज होगा वो उतना ही स्पोर्ट देगी और आपको चलने में उतनी ही आसानी होगी।

# महिलाओं के लिए गर्मियों में बालों की देखभाल आसान नहीं

महिलाओं के लिए गर्मियों के मौसम में बालों की देखभाल करना आसान नहीं होता है पर कुछ उपाय अपनाकर आप ऐसा कर सकती हैं। गर्मियों में तेज धूप और गर्म हवा के कारण बालों का रूखा, बेजान और कमजोर होना आम समस्या हो जाती है। सनबर्न होने से बाल झड़ने लगते हैं जो बहुत ज्यादा नुकसानदायक साबित होता है। ऐसे में बालों को हेल्दी बनाए रखने के लिए कुछ आसान टिप्स अपनाने की जरूरत है। गर्मियों में हेयर ट्रीटमेंट्स से दूरी बनानी चाहिए। स्ट्रेटनर, ब्लो ड्रायर, पर्मिंग और केरेटिन जैसे ट्रीटमेंट्स बालो को कमजोर बनाते है।



गर्मियों में बालों को हेल्दी रखने के लिए धूप से बचाना जरूरी है। धूप में निकलते समय बालों स्कार्फ, गमछा या टोपी का इस्तेमाल करके उसे बचा सकते हैं। इससे सूरज की हानिकारक किरणों से बालों का बचाव होता है और डैमेज होने रोका जा सकता है। इससे बचने के लिए शैंपू के बाद कंडीशनर का इस्तेमाल करना जरूरी है। इससे बाल लंबे समय तक हाइड्रेट रहते हैं और साथ ही कंडीशनर से हेयर फॉल का खतरा भी कम होता है।

हेयर फॉल और ड्राईनेस की समस्या से राहत पाने के लिए हेयर मास्क का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी है। नेचुरल हेयर मास्क से बालों में नमी मिलती है।

वहीं ड्राई बाल वालों के लिए नारियल तेल और शहद वाला हेयर मास्क बहुत ही कारगर साबित होता है। वहीं ऑयली स्कैल्प वाले एलोवेरा जेल में नींबू का रस और गुलाब जल का इस्तेमाल करना भी अच्छा माना जाता है। इसके साथ आपको पानी का सेवन ज्यादा करना चाहिए जो आपके बालों के साथ त्वचा के लिए बहुत ही कारगर साबित होगा।

# पत्नी की खामोशी को कतई नजरअंदाज न करें



पति-पत्नी के रिश्ते में पत्नी की खामोशी को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है, क्योंकि यह अक्सर गहरी नाराजगी और मानसिक दूरी का संकेत होती है। यह लेख उन संकेतों का विश्लेषण करता है, जैसे %कुछ नहीं% कहना या दूरी बनाना, और पति को समय रहते इस चुप्पी को तोड़कर रिश्ता बचाने के तरीके बताता है।

पति-पत्नी के बीच छोटी-मोटी अनबन होना आम बात है, लेकिन कई बार ये बातें इतनी बढ़ जाती हैं कि रिश्ता टूटने की कगार पर पहुंच जाता है। अक्सर पत्नियां अपनी नाराजगी जाहिर करने के बजाय चुप रहना पसंद करती हैं, जबकि पुरुषों की आदत बोलकर समस्या बताने की होती है। जब पत्नी अपनी परेशानियां बताना बंद कर देती है, तो पतियों को लगता है कि सब ठीक है, जबकि असल में ऐसा नहीं होता। एक पति के तौर पर आपको अपनी पत्नी की खामोशी और उनके व्यवहार में आए बदलावों पर ध्यान देना चाहिए ताकि समय रहते कड़वाहट को दूर किया जा सके।

**ऐसे पहचाने नाराजगी**-कुछ नहीं या सब ठीक है कहना- जब आप पूछें कि क्या हुआ है और जवाब मिले कुछ नहीं या ठंडे लहजे में सब ठीक है, तो समझ जाइए कि कुछ भी ठीक नहीं है। महिलाएं अक्सर ऐसा तब कहती हैं जब उन्हें लगता है कि उनकी बात नहीं सुनी जाएगी।

**घर में अचानक छाई चुप्पी**- जो पत्नी पहले दिनभर की बातें और किस्से आपसे शेयर करती थी, अगर वह अचानक बिल्कुल चुप हो जाए, तो यह एक बड़ा संकेत है। इसका मतलब है कि वह आपसे मानसिक रूप से दूर हो रही हैं।

%मैं खुद कर लूंगी% वाला रवैया- अगर आप मदद करना चाहें और वह कहें कि रहने दो, मैं खुद कर लूंगी, तो यह आत्मनिर्भरता नहीं बल्कि गुस्सा है। उन्हें लगता है कि जब उन्हें आपकी जरूरत थी, तब आप साथ नहीं थे।

**बात-बात पर ताने मारना**- अगर छोटी-छोटी बातों पर पुरानी गलतियों का जिक्र होने लगे या वे तंज कसने लगें, तो समझें कि अंदर बहुत गुस्सा जमा है। वे सीधे अपनी परेशानी नहीं बता पा रही हैं, पुरानी बातों से भड़ास निकाल रही हैं।

**व्यवहार से गुस्सा दिखना**- कई बार गुस्सा शब्दों से नहीं बल्कि हरकतों से दिखता है। जैसे दरवाजे जोर से बंद करना, बर्तन पटकना या आपके कमरे में होने के बावजूद फोन या टीवी में खोए रहना।

**दूरी बनाना**- अगर आपकी पत्नी बात करते समय आपसे नजरें चुरा रही हैं या आपके पास बैठने से बच रही हैं, तो यह साफ है कि उन्हें मन में गहरी ठेस पहुंची है।

**ऐसे दूर करें पत्नी की नाराजगी**

अगर आपको ये संकेत दिखाई दें, तो इसे शांति समझकर चुप न बैठें। उन्हें अकेला छोड़ने से समस्या और बढ़ सकती है। सबसे अच्छा तरीका है कि आप शांत मन से उनके पास बैठें, उनका हाथ थामें और बिना किसी बहस के पूछें कि क्या परेशानी है। उन्हें यह महसूस कराएं कि उनकी भावनाएं आपके लिए कीमती हैं। उनकी पूरी बात धैर्य से सुनें और जरूरत पड़ने पर माफी भी मांगें।

**पुरुष न करें ये 5 गलतियां**

पुरुषों की रोजमर्रा की छोटी-छोटी आदतें जैसे झगड़े में चुप हो जाना, पार्टनर की मौजूदगी में फोन इस्तेमाल करना या प्यार जताना बंद कर देना, रिश्ते को कमजोर कर देती हैं। यह आर्टिकल उन अनजाने में की जाने वाली गलतियों को उजागर करता है जो पार्टनर के साथ भावनात्मक दूरी बढ़ा सकती हैं। पुरुष अक्सर सोचते हैं कि रिश्ते सिर्फ धोखा देने, झूठ बोलने या किसी बड़ी गलती की वजह से टूटते हैं। लेकिन सच ऐसा नहीं है। कई बार पुरुष रोजमर्रा में छोटी-छोटी ऐसी गलतियां करते हैं, जिनसे उनका पार्टनर धीरे-धीरे उनसे दूर होने लगता है। रिश्ते की शुरुआत में पुरुष अपनी पार्टनर पर खूब प्यार और ध्यान देते हैं, लेकिन कुछ समय बाद वही प्यार और परवाह कम होने लगती है। अगर आपको उन आदतों के बारे में पता नहीं है जो धीरे-धीरे आपके रिश्ते को कमजोर कर रही हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

**बोलने के बजाय चुप हो जाना**

कई बार पुरुषों को लगता है कि चुप रहना ही झगड़े से बचने का सबसे आसान तरीका है। उन्हें लगता है कि इससे माहौल शांत रहेगा। लेकिन अक्सर महिलाएं इस खामोशी को दूरी या बेरुखी की तरह महसूस करती हैं।

# गर्मियों में त्वचा की देखभाल के लिए गुलाबजल का महत्व

**शहनाज़ हुसैन**



गुलाब जल का इस्तेमाल सुन्दरता निखारने में सदियों से किया जा रहा है / जब स्किन केयर की बात आती है तो सबसे पहले गुलाब का ही नाम आता है /

यह आपकी त्वचा और चेहरे को ठंडक प्रदान करता है जबकि इसकी खुश्बू आपको तरोताजा रखती है और मूड को बेहतर रखती है /

गर्मियों में गुलाब जल त्वचा के लिए एक प्राकृतिक टोनर, क्लींजर और हाइड्रेटर है और आप इसका इस्तेमाल मास्क या मेक अप रिमूवर के तौर पर भी कर सकते हैं /

यह त्वचा को ठंडक, नमी और निखार देता है, साथ ही पीएच स्तर को संतुलित रखता है। यह टैनिंग, सनबर्न, मुहांसों और अतिरिक्त तेल को कम करने में बेहद प्रभावी है। इसे स्प्रे, टोनर या फेस पैक के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं ।

एंटीऑक्सीडेंट और एंटीबैक्टीरियल गुणों भरपूर गुलाब जल गर्मियों की तेज धूप से स्किन को सुरक्षित रखता है/

गर्मियों में रूखी ,बेजान चेहरे की त्वचा को तरोताजा रखने के लिए गुलाब जल को फेस मिस्ट के तौर पर भी इस्तेमाल कर सकते हैं / आप इसे एक बोतल में रख कर चेहरे पर स्प्रे कर सकते है और इसे त्वचा पर पूरी तरह सोखने दें /

अगर आप कील , मुहांसों और दाग धब्बों से परेशान हैं तो आप रात को सोने से पहले कॉटन बॉल की मदद से गुलाब जल लगाएं और इसे रात भर लगा रहने दें / आप इसे चेहरे पर सीधे भी स्प्रे कर सकते हैं या गुलाब जल को आइस ट्रे में जमा लें और इन आइस क्यूब की चेहरे पर हल्के हलके मसाज करें / इससे तपती धुप में ठंडक मिलेगी और चेहरे का ग्लो दिखेगा /

गर्मियों के दिनों में तैलीय त्वचा की बजह से पिंपल आम समस्या है / इससे निपटने के लिए एक चमच्च मुल्तानी मिट्टी में दो तीन चमच्च गुलाब जल को मिलाकर बने पेस्ट को चेहरे पर लगा लें और इसे प्रकृतिक तौर पर सूखने दें / पूरी तरह सुख जाने के बाद इसे ताजे ठन्डे पानी से धो डालें /



गुलाब जल के उपयोग से आँखों के गिर्द डार्क सर्कल को कम करने में मदद मिलती है / इसके लिए आप प्रभावित क्षेत्र में रुई की मदद से गुलाब जल लगाएं जिससे त्वचा में नमी बढ़ेगी और डार्क सर्कल धीरे धीरे कम होंगे / डार्क सर्कल के लिए गुलाब जल और ठंडे दूध को अच्छी तरह मिलाएं / इस मिश्रण को कॉटन बॉल की मदद से आहिस्ता आहिस्ता आँखों को नीचे लगा कर आधा घंटा बाद ताजे पानी से धो डालें / आप इसे हफ्ते में तीन बार उपयोग में ला सकते हैं और कुछ ही दिनों में बेहतर परिणाम देखने में मिलेंगे /

पुदीने और गुलाब जल का पैक त्वचा को कोमल और मुलायम बनाने में काफी सहायक होता है / पुदीने के रस में एक चम्मच शहद और थोड़ा सा गुलाब जल मिलकर बने पैक को चेहरे पर कुछ देर तक लगाने के बाद ताजे पानी से धो डालें। गुलाब जल त्वचा के पी एच लेवल को संतुलित करता है

गुलाब की खुशबु का हेयर परफ्यूम बनाने के लिए 2 चम्मच गुलाब का तेल, 1 चम्मच जोजोबा ऑयल और 5 चम्मच गुलाब जल को एक स्प्रे बोतल में डाल कर मिक्स करें। आपका होममेड गुलाब की खुशबू वाला हेयर परफ्यूम तैयार है। सुबह घर से बाहर जाने से पहले इस हेयर परफ्यूम को बालों पर लगाएं। इससे न सिर्फ आपके बालों से अच्छी खुशबू आएगी बल्कि बालों को पोषण भी मिलेगा।

गर्मियों में अक्सर शुष्क त्वचा की समस्या से जूझना पड़ता है / इस समस्या के निदान के लिए एक चम्मच शुद्ध ग्लिसरीन को 100 मिलीलीटर गुलाबजल में मिलाकर बोतल को फ्रीज में रख दीजिए। इस लोशन को रोजाना त्वचा के रूखेपन को दूर करने के लिए उपयोग कीजिए।

सभी प्रकार की त्वचा में नमी तथा मुलायम बनाने के लिए शहद तथा अलोवेरा जैल का प्रयोग किया जा सकता है। इसे चेहरे पर लगाने के 20 मिनट बाद चेहरे को स्वच्छ ताजे पानी से धो डालिए।

तैलीय तथा मिश्रित त्वचा के लिए तीन चम्मच जई में दही, शहद तथा गुलाब जल मिलाएं। इस सब का पेस्ट बना होठों तथा आँखों को छोड़कर बाकी चेहरे पर लगा ले तथा 20 मिनट बाद साफ पानी से धो डालिए।

लेखिका अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेषज्ञ है और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय है

# लाइब्रेरी संसाधनों के माध्यम से वाणिज्य शिक्षा को सुदृढ़ बनाने विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

*आज के डिजिटल युग में लाइब्रेरी केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ज्ञान का एक समग्र केंद्र बन चुकी है : प्रो. कुशल पाल*

**लाडवा, 15 अप्रैल ( राम गोपाल ) :** इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज लाडवा में आज एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय था लाइब्रेरी संसाधनों के माध्यम से वाणिज्य शिक्षा को सुदृढ़ बनाना। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज लाइब्रेरी द्वारा वाणिज्य विभाग के सहयोग से किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रूपेश गौड़, लाइब्रेरियन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लाइब्रेरी में उपलब्ध ई-रिसोर्सेज जैसे ई-बुक्स, ई-जर्नल्स, ऑनलाइन डेटाबेस तथा रिसर्च टूल्स के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि इन डिजिटल संसाधनों के माध्यम से विद्यार्थी नवीनतम व्यापारिक जानकारी, वित्तीय रिपोर्ट्स, मार्केट ट्रेंड्स तथा शोध सामग्री तक आसानी से पहुँच सकते हैं, जो वाणिज्य शिक्षा को अधिक प्रभावी और व्यावहारिक बनाती है। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य प्रो. कुशल पाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के डिजिटल युग में लाइब्रेरी केवल पुस्तकों तक सीमित



नहीं है, बल्कि यह ज्ञान का एक समग्र केंद्र बन चुकी है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे ई-रिसोर्सेज का अधिकतम उपयोग कर अपने ज्ञान और कौशल का विकास करें तथा इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाएँ। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं शोध कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने भाग लिया। अंत में आयोजकों द्वारा सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के उपयोगी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर डॉ. सुनीता रानी, डॉ. नीरू बाला, डॉ. नीति गोयल और डॉ. वंदना गुप्ता उपस्थित रहीं।

# अमुपुर में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब की 135वीं जयंती

**निगदू, 15 अप्रैल ( बलबीर सिंह ) :** जिले के गांव अमुपुर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 135वां जन्म दिवस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भव्य कार्यक्रम श्री गुरु रविदास मंदिर कमेटी की अध्यक्षता में समाज की युवा कमेटी के सहयोग से आयोजित किया गया। सभी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और फूल-मालाएं पहनाईं। इस मौके पर मा. जयप्रकाश ने बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जीवनी और संघर्षों पर प्रकाश डाला और कहा कि समाज के गरीब , वंचित



और पिछड़े वर्ग के बच्चों के सुनहरे व उज्जवल भविष्य के लिए पढ़ लिख कर शिक्षित बनना अति आवश्यक है।

वहीं युवा कमेटी के कर्मठ कार्यकर्ता व शिक्षित व्यक्ति कुलदीप सिन्हा ने कहा कि बाबासाहेब की जयंती को सभी ने मिलजुल कर और आपसी मतभेद भुलाकर मनाना चाहिए और उनके जीवन से प्रेरित होकर अपने बच्चों को शिक्षा के लिए जागरूक करना चाहिए जिससे एक शिक्षित और सुसंस्कारी समाज का निर्माण होगा।

इस अवसर पर गुरु रविदास मंदिर कमेटी सदस्य बलबीर रोजिया ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी गण मान्य व्यक्तियों, बच्चों और अन्य ग्रामीणों का धन्यवाद किया और जोरदार स्वागत किया।

इस मौके पर संजीव कुमार, करण सिंह, हुसन कमार, करण सिंह कागड़ा, बलवान सिंह, सुनील कुमार सिंगला, एडवोकेट सतीश कुमार, सतपाल सिंह, सुरेंद्र कुमार, रिंकू, रमेश, प्रवेश कुमार सिंगला, सुनील ग्रोवर, शुभम सिन्हा, भीम सिंह, बलबीर सिंह, भानू राम, श्यामलाल, बलबीर सिंह सिंगला, कर्मवीर सिंह और समाज के मौजिज व्यक्ति चरण दास, दर्शन कुमार सिंगला, प्रकाश चंद, हुकम चंद, अनिल कुमार, हुकम चंद ग्रोवर, जय सिंह, कन्हैयालाल, शेर सिंह, रणधीर सिंह सिंहमार, सुभाष चंद, बाबा रामकुमार के साथ-साथ महिलाओं युवाओं और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# भगवान बुद्ध धर्म नहीं एक विचारधारा है : कर्मवीर बोद्ध

**मूनक, 15 अप्रैल ( जय भगवान ) :** खोरा खेड़ी में स्थित टाउनशिप में डा. बाबा भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हर वर्ष पानीपत रिफाइनरी के कर्मचारी मिलकर इस कार्यक्रम का आयोजन करते हैं। इस कार्यक्रम के दौरान आसपास के गांव के छात्र-छात्राओं को 80 प्रतिशत अंक लाने पर उन्हें सम्मानित करते हैं। इस कार्यक्रम के दौरान 90 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया व बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रक्त शिवर भी लगाया गया जिसमें 142 यूनिट इकट्ठा हुई। इस कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के राज्यसभा सांसद कर्म सिंह बौद्ध व रिफाइनरी कार्यकारिणी अधिकारी एम एल डहरिया मुख्य अतिथि के तौर पर रहे। राज्यसभा सांसद ने बताया कि बाबा साहब ने शिक्षा व महिलाओं के अधिकार पर जोर दिया और उन्हें सम्मान अधिकार दिलाने का भी काम किया। उन्होंने बताया कि भगवान बुद्ध एक धर्म नहीं है एक विचारधारा है । उन्होंने इसी दौरान बताया कि बात को मानने से पहले इसका जायजा लेना चाहिए। बुद्ध के विचारधारा पर बाबा अंबेडकर ने




माना। उन्होंने पाखंड को निकारना चाहा। उन्होंने कहां की आज आप बड़े-बड़े पदों पर होने का कारण बाबा साहब की ही देन है। उन्होंने बताया कि वह अपने नौकरी काल में उन्होंने किसी को किसी प्रकार का किसी को दुख दिया हो उसके लिए जब वह राज्यसभा के सांसद बने उन्होंने बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के सामने उनसे माफी मांगी। अपनी गलतियों का एहसास किया व कहां कि अब समाज में फैल रही कुरीतियों को आपस में बैठकर निपटना होगा।

रिफाइनरी कार्यकारणी अधिकारी मडहरिया ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम करने से भाईचारे का संदेश पहुंचता है व बच्चों में भी हौसला बढ़ता है कि उन्हें मंच पर अच्छे अंक लेने पर सम्मानित किया जाता है। शिक्षा हमें सिखाती है और हमारे जीवन की बाधाओ को दूर करती है।

शिक्षित के लिए जीवन में अनेक विकास के अवसर मिलते हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम के दौरान संयोजकों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान जीएम ओमप्रकाश, प्रधान राजेश कुमार, राकेश, वीरपाल, दिनेश कुमार, थम्मन सिंह, पूर्व डी ओ सरोज बाला, रतनलाल नंबरदार, समस्त सीजीएम, कर्मचारी व आसपास के गांव से सैकड़ो महिला पुरुष बच्चे मौजूद रहे।

## कांग्रेस नेत्री सोनिया बोहत को इंदिरा भवन में महिला कांग्रेस अध्यक्ष लांबा द्वारा किया गया सम्मानित

**असंध, 15 अप्रैल ( दलसिंह मान ) :** अखिल भारतीय कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष पर्ल चौधरी द्वारा दिल्ली के इंदिरा भवन में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित महिला कांग्रेस के भव्य कार्यक्रम में मंच से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में देश की कुल 80 महिलाओं ने भाग लिया। इस बारे असंध आकर सोनिया बोहत मीडिया से रूबरू हुई और उक्त जानकारी साझा की गई। उन्होंने इस सम्मान हेतु महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा और हरियाणा कांग्रेस महिला अध्यक्ष पर्ल चौधरी का




आभार प्रकट करते हुए बताया कि पूरे देश से 80 दलित समाज की महिलाओं को सम्मानित किया। यह सम्मान उन महिलाओं को दिया, जिन्होंने विधानसभा, लोकसभा, नगर पालिका अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, विधायक, सांसद, का चुनाव लड़ा था। कार्यक्रम में कई पूर्व विधायक, पूर्व महिला सांसद भी मौजूद रही इस कार्यक्रम में देश के प्रत्येक राज्य की पदाधिकारी ने भाग लिया, उन्होंने कहा कि हर वर्ष महिला कांग्रेस द्वारा इस तरह के आयोजन महिलाओं को साहस, हिम्मत देने के उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी द्वारा पार्टी नेता एवं सांसद राहुल गांधी और पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के दिशा निर्देश पर समय समय पर दिए जाते है। असंध नगर पालिका चेयरमैन पद का चुनाव लड़ चुकी अधिवक्ता सोनिया बोहत ने पत्रकारों को बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान मेरे लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नारी शक्ति की एकता, समानता और अधिकारों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान महिलाओं को समाज और राजनीति में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया तथा उनके अधिकारों की मजबूती पर जोर दिया गया। इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि जब तक महिलाएं एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज नहीं उठाएंगी, तब तक सशक्त समाज का निर्माण संभव नहीं है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं ने एकजुटता और समान अधिकारों के लिए मिलकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

# सिविल सेवा परीक्षा में सफलता पर नरवाना की बेटी स्वाति आर्य का आदर्श बाल मंदिर विद्यालय मे भव्य सम्मान

**नरवाना, 15 अप्रैल ( नरेन्द्र कुमार ) :** क्षेत्र की होनहार बेटी स्वाति आर्य द्वारा सिविल सेवा परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 366वीं रैंक हासिल करने पर शहर में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी उपलब्धि के उपलक्ष्य में मानव मित्र मंडल, भारतीय शिक्षण मंडल एवं प्रगतिशील समाज के संयुक्त तत्वावधान में आदर्श बाल मंदिर विद्यालय में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ जिसके पश्चात संगीत शिक्षण संस्थान के अरविंद गर्ग व उनकी टीम ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर माहौल को प्रेरणादायक बना दिया। इस अवसर पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनके योगदान को भी श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। मुख्य वक्ता तहसीलदार अनिल बिढान




ने अपने संबोधन में स्वाति आर्य की मेहनत की सराहना करते हुए युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कैथल से पधारे सेवानिवृत्त प्रोफेसर बी.बी. भारद्वाज ने महाभारत, गीता और रामायण के उदाहरणों के माध्यम से सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास की महत्ता पर प्रकाश डाला। वहीं साहित्यकार असीम राना ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के केंद्र में रहीं स्वाति आर्य ने इस सम्मान के लिए नरवाना क्षेत्र का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपने क्षेत्र से मिला स्नेह जीवनभर प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी इस अवसर पर आयोजक संस्थाओं द्वारा स्वाति आर्य को स्मृति चिह्न, चांदी का सिक्का, पुस्तकें एवं चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उनके माता-पिता को भी शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही मुख्य अतिथियों एवं सहयोगी संस्थाओं को भी स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मेधावी छात्रा दीपांशी को नकद छात्रवृत्ति देकर प्रोत्साहित किया गया। अंत में भारतीय शिक्षण मंडल के जिलाध्यक्ष सुरेश नैन ने सभी अतिथियों और उपस्थित जनों का धन्यवाद किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## ए.आर. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गूंजा बाबा साहेब का जयघोष, हर्षोल्लास के साथ मनाई अंबेडकर जयंती

**पूंडरी, 15 अप्रैल ( जगदीश चन्द्र ) :** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान ए.आर. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सिरसल में भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर की जयंती बड़ी श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और स्टाफ ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के एम.डी प्रवीण शर्मा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक संविधान



निर्माता नहीं, बल्कि एक युगपुरुष थे जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में शिक्षा के बल पर पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने विद्यार्थियों को बाबा साहेब के मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो को अपने जीवन का आधार बनाने के लिए प्रेरित किया। प्रिंसिपल पारस राम और रजनी ने विद्यार्थियों को बाबा साहेब के जीवन संघर्षों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान स्कूल के समस्त स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने भी इस अवसर पर बाबा साहेब के पदचिह्नों पर चलने और देश की सेवा में योगदान देने की शपथ ली।

## बेस्ट विलेज अवार्ड के तहत तीन छात्राएं सम्मानित

*डी.सी ने दी शुभकामनाएं, मेहनत के साथ पढ़ाई के लिए किया प्रेरित*



**करनाल, 15 अप्रैल ( सुमन लता ) :** डी.सी आनंद कुमार शर्मा ने आज जिला सचिवालय में निसिंग ब्लाक के गांव कतलाहेडी के सरकारी स्कूल की तीन छात्राओं को बेस्ट विलेज अवार्ड के तहत सम्मानित किया। इन्हें क्रमश: 75, 45 व 30 हजार रुपये के चेक वितरित किए। डी.सी ने तीनों छात्राओं को शुभकामनाएं व बधाई देते हुऐ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही कड़ी मेहनत से आगे की पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सिविल सर्जन पूनम चौधरी व उप सिविल सर्जन डा. शीनू चौधरी ने बताया कि 2025 में कतलाहेड़ी गांव में जन्मे 54 शिशुओं में से 34 लड़कियां और 20 लडक़े थे। इस प्रकार इस गांव का लिंगानुपात 1700 रहा। इस गांव की आबादी 5029 है। उन्होंने बताया कि बेस्ट विलेज अवार्ड उसी गांव को दिया जाता है जिसकी आबादी 5 हजार से अधिक हो और हर साल तीस से ज्यादा प्रसव हुए हों। इसके आधार पर लिंगानुपात निकाला जाता है। सर्वाधिक लिंगानुपात वाले गांव की तीन मेधावी छात्राओं को बेस्ट विलेज अवार्ड के तहत सम्मानित किया जाता है। आज कतलाहेडी के सरकारी स्कूल की दसवीं कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहने वाली तीन छात्राओं अंशुल, पायल व लक्की को उक्त राशि के चेक देकर सम्मानित किया गया।

## रसीना में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर श्रद्धांजलि, विधायक सतपाल जाम्बा ने किया नमन

**पूंडरी, 15 अप्रैल ( जगदीश चन्द्र ) :** भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में ग्राम रसीना में बूथ संख्या 90 पर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुंडरी के विधायक सतपाल जाम्बा ने बाबा साहेब की प्रतिमा की साफ-सफाई कर पुष्प अर्पित किए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने उपस्थित लोगों के साथ मिलकर बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में



शामिल हुए। विधायक सतपाल जाम्बा ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज को समानता, शिक्षा और न्याय का जो मार्ग दिखाया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। हमें उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाकर एक समरस और सशक्त समाज का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समर्पण और प्रेरणा का प्रतीक है। उनके द्वारा बनाए गए संविधान ने देश को एक मजबूत आधार प्रदान किया है, जिसके कारण आज हर व्यक्ति को समान अधिकार प्राप्त हैं। विधायक ने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाएं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आएं।

## गुरुकुल मोर माजरा में शैक्षणिक सत्र का भव्य शुभारंभ




**मूनक, 15 अप्रैल ( जय भगवान ) :** आर्यकन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोर माजरा करनाल में बसाखी का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तथा नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ व बसाखी पर्व के उपलक्ष्य में भारतीय संस्कृति की परंपरा का निर्वहन करते हुए विशाल यज एवं हवन का आयोजन डॉ राजबाला आर्य एवं शास्त्री के छात्राओं के द्वारा किया गया। गुरुकुल की सभी छात्राओं के द्वारा वैदिक मंत्रो उच्चारण के बीच दी गई आहुतियों से संपूर्ण वातावरण शुद्ध भक्ति में हो गया। गुरुकुल के प्रधान सुखबीर सिंह मान ने छात्राओं को नए शैक्षणिक सत्र के लिए सभी छात्राओं को प्रेरणादायक विचारों से अवगत कराते हुए कहा कि प्रत्येक छात्रा अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए अथक परिश्रम करके गुरुकुल व अपने माता-पिता का नाम रोशन करें द्य प्रधानाचार्य गुरप्रीत कौर व डिग्री कॉलेज के प्राचार्य संदीप कंधवाल ने भी नए शैक्षणिक सत्र की सभी छात्राओं व शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए बसाखी पर्व के महत्व पर भी प्रकाश डाला। गुरुकुल के प्रधान सुखबीर मान, कोषाध्यक्ष नरेंद्र बांगर, प्राचार्य संदीप कंधवाल व प्रधानाचार्य गुरप्रीत कौर व सभी शिक्षिकाओं ने भी इस यज्ञ हवन में आहुति दी।

## बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना क्लब का उद्देश्य : रेनू वधवा

**शाहाबाद मारकंडा, 15 अप्रैल ( रूबी ) :** इन्नरव्हील क्लब द्वारा एस.जी.एन.पी. स्कूल के विद्यार्थियों के लिए पुस्तक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। क्लब की प्रधान रेनू वधवा ने बताया कि विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत और नैतिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए 50 कहानी पुस्तकें वितरित की गईं। उन्होंने बताया कि अच्छाई की ओर नामक पुस्तक जिला अध्यक्ष पूजा गोयल द्वारा लिखित और प्रकाशित की गई है। इसमें प्रेरणादायक और नैतिक कहानियां हैं जिनका उद्देश्य बच्चों में अच्छे मूल्यों और




सकारात्मक सोच को विकसित करना है। वधवा ने कहा कि पुस्तकें पाकर विद्यार्थी बहुत उत्साहित हुए। उन्होंने बताया कि पुस्तकें वितरण का उद्देश्य न केवल साक्षरता को बढ़ावा देना बल्कि सार्थक कहानियों के माध्यम से विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण में भी सहायता करना है।

# सर्वसम्मति से हरियाणा कालेज टीचर एसोसिएशन करनाल-पानीपत जोन के प्रधान बने डॉ. बीर सिंह

*बोले : सभी प्रोफेसर साथियों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार उनको उनका हक दिलवाये जाने की करेंगे पूरजोर कोशिश*

**करनाल, 15 अप्रैल ( संदीप रोहिला ) :** गुरु नानक खालसा कालेज के प्रो. डा. बीर सिंह हरियाणा कालेज टीचर एसोसिएशन करनाल-पानीपत जोन के प्रधान चुने गए हैं। कालेज स्थित पूर्व सांसद स्व. सरदार तारा सिंह सभागार में आयोजित चुनाव में डा. बीर सिंह को निर्विरोध प्रधान चुना गया। हरियाणा कालेज टीचर एसोसिएशन के प्रांतीय महासचिव डा. सुरेश पराशर की अध्यक्षता में आयोजित चुनाव में दयाल सिंह कालेज के प्राध्यापक डा. प्रवीण ढांडा ने डा. बीर सिंह के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका डॉ जयकुमार और डॉ दीप्ति शर्मा ने अनुमोदन किया और सर्वसम्मति से डा. बीर सिंह को जोन का प्रधान चुन लिया गया। इनके अतिरिक्त केवीए डीएवी कन्या महाविद्यालय से इतिहास विभाग की प्रो. डा. रेणु बाल्यान को उपप्रधान, आईबी कालेज पानीपत से प्रो. डा. गुरनाम सिंह को जोन महासचिव



बनाया गया। प्रधान चुनने के बाद डा. बीर सिंह ने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य सभी प्रोफेसर साथियों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार मकान किराया भत्ता दिलवाया जाना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी तथा हरियाणा विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण से भी गुहार लगाई है। मकान किराया भत्ता की फाइल वित्त विभाग में लंबित पड़ी है। उन्होंने इस फाइल को पास करने का निवेदन किया है। इनके अलावा सरकारी सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के स्टॉफ को मेडिकल तथा ग्रेच्युटी देने की भी अपील की है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय जोन एवं जीएमएन कालेज अंबाला से डा. राजेंद्र देसवाल, प्रांतीय वित्त सचिव एवं आर्य कालेज पानीपत से डा. विजय सिंह, आईबी कालेज पानीपत से डा. प्रवीण कौशिक, डा. लैफ्टिनेंट नरवीर राठी, डा. योगेश कुमार, दयाल सिंह कालेज से डा. अक्षय कुमार, केवीए डीएवी महिला कालेज से डा. अंजु नरवाल, डा. अनुराधा नागिया, डा. सुमन, डा. ईशा, गुरु नानक खालसा कालेज से प्रो. अंजु चौधरी, डा. प्रीति, डा. अजय तथा डीएवी पीजी कालेज से डा. बलराम शर्मा तथा अन्य मौजूद रहे।

## जिला परिषद से संबंधित विकास कार्यों को तय समय-सीमा में पूरा करवाए संबंधित अधिकारी : मोनिका दहिया

**सोनीपत, 15 अप्रैल ( ब्यूरो ) :** जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका दहिया ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य तय समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से एसडीओ/जेई को निर्देश दिए कि वे विकास कार्यों के एस्टीमेट जल्द से जल्द तैयार कर विभाग को भिजवाएं, ताकि कार्यों को शीघ्र गति दी जा सके।



मोनिका दहिया की अध्यक्षता में बुधवार को जिला परिषद सोनीपत सदन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन जिला परिषद हॉल में किया गया। बैठक के दौरान विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो विकास कार्यो के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाली सामग्री का भी विशेष ध्यान रखे, कार्य की गुणवत्ता में कोई कमी न मिलने पाए। उन्होंने अधिकारियो को निर्देश दिए कि जिला परिषद से होने वाले किसी भी कार्य को शुरू करने से पहले संबंधित पार्षद को अवगत करवाए। उन्होंने कहा कि जिला परिषद के तहत आने वाले सभी विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए और आमजन को इनका लाभ समय पर मिलना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के प्रति कड़ा रुख अपनाते हुए उनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा ने कहा कि विकास कार्यो को लेकर किसी भी पार्षद को किसी भी तरह की कोई समस्या आने पर वो उनसे सम्पर्क करे। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो जिला परिषद से संबंधित कार्यो में किसी भी तरह की लापरवाही करने वाले अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान डीडीपीओ मनीष मलिक, रोडवेज जीएम संजय सिंह, एक्सीईन पंचायती राज कुलबीर, बीडीपीओ राजेश व दिगंबर व अन्य सभी संबंधित अधिकारी व पार्षदगण मौजूद रहे।

## डॉ.अंबेडकर का महिला सशक्तिकरण वाला संकल्प मोदी के नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से पूरा होगा : मीना चौहान

**नीलोखेड़ी, 15 मार्च ( सुरेश कुमार मिड्ढा ) :** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्षा मीना चौहान रायसन ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंति के उपलक्ष्य में पूरा भारतवर्ष उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण को नमन करता हैं। उन्होंने महिलाओं को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला मानते हुए हिंदू कोड बिल के माध्यम से महिलाओं को संपत्ति, विवाह एवं उत्तराधिकार में समान अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक प्रयास किया। उनका यह प्रयास सामाजिक न्याय और लैंगिक समानता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम था। वर्तमान में चर्चित विषय नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संबंध में बताया कि आज बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की विचारधारा अनुसार नारी के सशक्त नेतृत्व को आगे बढ़ाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बहु प्रतीक्षित महिला आरक्षण बिल को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में लाकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह अधिनियम महिलाओं को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है।नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों में भी महिलाओं को समान रूप से 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाएगा। यह आरक्षण सीटों के रोटेशन के आधार पर लागू होगा जिससे विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं को अवसर मिल सके। यह प्रावधान प्रारंभिक रूप से 15 वर्षों के लिए लागू रहेगा। अधिनियम का क्रियान्वयन 2011 वाली जनगणना के आधार पर परिसीमन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात प्रभावी होगा।भाजपा सरकार का दृष्टिकोण 'महिला विकास' से आगे बढ़कर 'महिला नेतृत्व वाले विकास' का है। 'लखपति दीदी' और 'नमो ड्रोन दीदी' जैसी योजनाएं महिलाओं को तकनीक और उद्यमिता से जोड़ रही हैं। इसी प्रकार 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' भारत को 'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और देश के लोकतंत्र को और अधिक समावेशी, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाएगा हम सभी यह संकल्प लें कि हम महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण को अपने जीवन एवं कार्यों में प्राथमिकता देंगे।यही बाबा साहब डॉ.अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# अनाज मंडी में आवक के हिसाब से खरीद धीमी, उठान सुस्त होने से गेंहू के कट्टों व गेंहू के ढेरों से अटी पड़ी मंडी, किसान व आढ़ती परेशान

**चिड़ाव, 15 अप्रैल ( प्रवीन कुमार ) :** अनाज मंडी में आवक के अनुसार गेहूं की खरीद प्रक्रिया धीमी चल रही है। मंडी में गेंहू का उठान सुस्त होने के कारण गेंहू के कट्टों व गेंहू के पहाड़ जैसे ढेर लगे होने के आने जाने के रास्ते भी बंद हो गए है। जिस कारण किसानों को मंडी में गेंहू उतारने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और गेंहू के कट्टों व गेंहू के ढेरों से मंडी अटी पड़ी है। वहीं खरीद ऐजेंसीयों की और से खरीद किए गए गेंहू के लिए आढ़तियों को बारदना कम मात्रा में मिला है। कुलदीप बब्बर, सोनू, सोमपाल, नीटू, हरदीप सिंह, पवन कुमार, रिंकू, ईशम सिंह, नरेंद्र, रोशन लाल सहित अन्य किसानों ने आरोप लगाया कि सरकार के नए नियम के कारण अनाज मंडी के गेंहू की फसल की बेकद्री हो रही है और किसी भी समय पोर्टल बंद हो जाता है। जिस कारण किसानों को मंडी में गेट पास के लिए घंटो इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि अनाज मंडी में आवक के हिसाब से खरीद एजेंसिया धीमी खरीद कर रही है और गेंहू की फसल का उठान न होने के कारण खुले आसमान के नीचे पड़ी गेंहू की फसल को लेकर आढ़तियों व किसानों को मंडी में बेमौसमी बरसात का भय भी बना रहता है। जब तक उनके फड़ों से माल सरकारी गोदामों तक नही पहुंता ,तो तब तक उनकी जिम्मेदारी बनी रहती है। मंडी में इस समय लाखों की संख्या में गेहूं की बोरियां



पड़ी हुई है और बारदाना कम मात्रा में मिलने से गेंहू की फसल से दुकानों पर पहुंचने वाले सभी रास्ते भी बंद हो चुके है। मंडी में गेंहू की फसल लेकर पहुंच रहा किसान जगह के कारण इधर उधर डाल रहा है। इसके साथ की खरीद ऐजेंयियों ने गेंहू की खरीद तो की है,लेकिन उस हिसाब से बारदाना आढ़तियों को मुहैया नहीं करवाया है। इतना ही नहीं खरीद ऐजैंसियों ने किसानों की फसल तो खरीद ली है, लेकिन उठान की ओर उनका कोई ध्यान नहीं गया है। उनका यह भी आरोप है कि दूसरे राज्यों से कम दाम पर गेंहू लाकर उसे स्थानीय मंडी में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचने का गोरखधंधा मंडी प्रशासन के साथ मिलभक्त कर सक्रिय हो रहा है। इसमें बिचौलियों और कुछ व्यापारी कम गुणवत्ता वाले गेंहू को यूपी जैसे राज्यों से लाकर अनुचित लाभ उठाने के कारण स्थानीय किसान अनाज मंडी में अपनी उपज को लेकर लंबी लाइनों में लगने पर मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने शासन व प्रशासन से अनुरोध किया कि इस और ध्यान दिया जाएं। जिससे इस गोरखधंधा का पर्दा पास हो सकें। इस संबंध में फूड एंड सप्लाई निरीक्ष संदीप कुमार ने बताया कि अनाज मंडी से दो लाख 85 हजार क्विंटल गेंहू की खरीद की गई है। खरीदे गए गेंहू का उठान कर हेमदा प्लाटी में लगाया जाएंगा। उन्होंने आढ़तियों से अपील कि है कि गेंहू की फसल को पंखा लगाकर साफ कर ही कट्टों में तोल करवाएं। जिससे आढ़तियों को किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े। हैफड़ निरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि अभी तक तीन लाख 32 हजार क्विंटल गेंहू की खरीद की गई है। जिसमें से करीब 50 हजार क्विंटल गेंहू का उठान हो चुका है। स्टेट वेयर हाऊस निरीक्षक जोगिंद्र ने बताया कि अभी तक अनाज मंडी से 54 हजार क्विंटल गेंहू की खरीद की गई है बुधवार को अनाज मंड़ी में खरीद चल रही है। जिसकी जानकारी बाद में दी जांएगी। इस संबंध में मार्किट कमेटी सचिव कृष्ण कुमार ने बताया कि अभी तक करीब 8 लाख 10 हजार क्विंटल गेंहू मंडी में पहुंच चुकी है। मंडी में तीनों खरीद एर्जेसियों ने 6 लाख 73 हजार 627 क्विंटल गेंहू की खरीद की है। उठान का कार्य मंडी से चल रहा है। अनाज मंडी में किसानों आढ़तियों व मजदूरों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएंगी।

## डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में बैसाखी एवं अंबेडकर जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई

**करनाल, 15 अप्रैल ( रविन्द्र मलिक ) :** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, पुलिस लाइंस, करनाल में बैसाखी एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े ही उत्साह, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में हवन यज्ञ से हुई, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने भाग लेकर देश की उन्नति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विविध रंगारंग गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वैसाखी के उपलक्ष्य में छात्रों ने भांगड़ा एवं गिद्धा नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

साथ ही विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अंबेडकर जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा किए गए महान कार्यों पर प्रकाश डालते हुए प्रभावशाली भाषण एवं कविताएं प्रस्तुत कीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण वर्मा ने अपने कहा कि बैसाखी हमें मेहनत, समृद्धि और नई शुरुआत का प्रतीक है, जबकि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन हमें शिक्षा, समानता और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देता है।

हमें उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाकर एक सशक्त और समरस समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार ने मिलकर इन दोनों महत्वपूर्ण पर्वों को मनाते हुए समाज में भाईचारे, समानता और सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## उचाना क्रिकेट टीम बनी चैंपियन, प्रमोद चौहान के साथ मिलकर मनाई जीत की खुशी



**करनाल, 15 अप्रैल ( रविन्द्र मलिक ) :** ग्राम पाथरेहडी में आयोजित ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट में उचाना की क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। 26 मार्च से 5 अप्रैल तक चले इस टूर्नामेंट में कुल 24 टीमों ने भाग लिया, जिसमें उचाना टीम ने बेहतरीन खेल और टीमवर्क का परिचय देते हुए जीत हासिल की। फाइनल मुकाबले में उचाना टीम के खिलाड़ी शारूक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता, जबकि पूरे टूर्नामेंट में लगातार शानदार प्रदर्शन करने वाले मोहित को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। टीम के कप्तान साहिल ने सशक्त नेतृत्व किया और उपकप्तान अंकित राणा ने हर परिस्थिति में टीम को मजबूती प्रदान की। टीम के अन्य खिलाड़ियों में प्रदीप, आरिफ, सुमित, राहुल, अमित, केमरान, प्रदीप पांचाल और साजिद ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। जीत के बाद गांव उचाना में टीम का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमोद चौहान के निवास पर खिलाड़ियों को फूल-मालाओं से सम्मानित किया गया। विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 4,000 रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई, जबकि मैन ऑफ द सीरीज मोहित को विशेष सम्मान स्वरूप हाईटेक साइकिल भेंट की गई। टीम की सफलता में कोच अक्षय और अकरम का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया और उनका उत्साह बढ़ाया। गांववासियों ने टीम की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए सभी खिलाड़ियों, कोच और सहयोगियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## श्री घण्टाकर्ण मासिक श्रद्धालु संगम आज

**इंद्री, 15 अप्रैल ( बिशपाल राणा ) :** इन्द्री रोड़ स्थित मनोकामनापूरक संकटमोचक श्री घण्टाकर्ण महावीर देवस्थान पर प्रत्येक महीने के कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर हर बार की भांति मासिक श्रद्धालु संगम का विशेष भक्तिमय आयोजन 16 अप्रैल को भारत संत गौरव उपप्रवर्तक श्री पीयूष मुनि जी महाराज एवं शान्तमूर्ति महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज* आदि साधु-साध्वी वृन्द की पावन नेश्राय में उत्साह एवं भक्तिपूर्वक आयोजित किया जा रहा है। श्री घंटाकर्ण जी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के शासनरक्षक देव एवं तन्त्र-मन्त्र-यन्त्र की साधना को सफल करने वाले अलौकिक शक्ति सम्पन्न देव हैं। देवस्थान दर्शनार्थ सुबह 6 बजे से शाम 7:00 बजे तक खुला रहेगा। प्रातःकालीन आरती सुबह 8:30 बजे होगी तथा सांयकालीन सांय 6:00 बजे होगी। विशेष कृपा प्राप्ति प्रसंग पर सत्संग, भजन-कीर्तन का भक्तिमय कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक रहेगा। कार्यक्रम के उपरांत महाआरती होगी। इस महाआरती एवं सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रीतिभोज का लाभ करनाल निवासी श्री घंटाकर्ण देवभक्त द्वारा गुप्त रूप से लिया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में बृहत् श्री घण्टाकर्ण स्त्रोत सुनाया जाएगा। इस अवसर पर सैंकड़ों श्रद्धालु देव कृपा से अपने मनोरथों की पूर्ति हेतु आशीर्वाद लेने के लिए उपस्थित होंगे।

मंदिर प्रबंधन ने कृपा-प्राप्ति के इच्छुक सभी भक्तजनों से इस मौके पर पहुंचकर लाभ उठाने का विशेष आग्रह किया है।

## जिला प्रशासन द्वारा जनता दरबार व रात्रि ठहराव 21 अप्रैल को गांव मारवा कलां में



**यमुनानगर, 15 अप्रैल ( दिनेश कुमार ) :** नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार के आदेशानुसार जिला के गांवों में जनता दरबार व रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन द्वारा 21 अप्रैल 2026 दिन मंगलवार को दोपहर 2 बजे राजकीय माध्यमिक स्कूल, गांव मारवा कलां खण्ड व्यासपुर, यमुनानगर में जनता दरबार तथा सायं 4.30 बजे आम जनता की शिकायतों की सुनवाई व निवारण के लिए रात्रि ठहराव उपायुक्त प्रीति की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। नगराधीश ने बताया कि डीसी प्रीति व पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देशों की अनुपालना जिला प्रशासन की ओर से प्रभावी ढंग से की जा रही है। इसी कड़ी में समाधान शिविर के साथ ही जनता दरबार व रात्रि ठहराव कार्यक्रम भी निरंतर किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। हरियाणा सरकार की जनहितकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए विभागीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि उपरोक्त कार्यक्रम में निश्चित तिथि, समय व स्थान पर सभी अधिकारी पहुंचना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यम के दौरान अपने से छोटे अधिकारी/कर्मचारी को बिना अनुमति के न भेजा जाए। उक्त आदेशों की दृढ़ता से पालना की जाए।

## डिवाईन पब्लिक स्कूल में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**शाहाबाद मारकंडा, 15 अप्रैल ( रूबी ) :** डिवाईन पब्लिक स्कूल में आपदा प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को विभिन्न आपदाओं के समय उचित प्रबंधन एवं बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक डा. गुरदीप सिंह हेयर, स्कूल प्रधानाचार्या राजिन्द्र खुब्बड़ और रिर्सोस पर्सन द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों को भूकंप, आगजनी, प्राकृतिक आपदाओं तथा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित रहने और दूसरों की सहायता करने के प्रभावी तरीकों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन रूबी दलाल एवं अंकित शर्मा ने अपने अनुभव और ज्ञान के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यावहारिक एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की। प्राचार्या राजिन्द्र खुब्बड़ ने कहा कि आपदा प्रबंधन केवल एक विषय नहीं बल्कि जीवन की सुरक्षा से जुडी एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

## अभय चौटाला आज पहुंचेगें शाहाबाद, करेगें मंडियों का दौरा



**शाहाबाद मारकंडा, 15 अप्रैल ( रूबी ) :** इनैलो जिलाध्यक्ष जयपाल चढूनी ने इनैलो पार्टी द्वारा नई अनाज मंडी में खोले गए किसान कष्ट निवारण केन्द्र पर किसानों की समस्याएं सुनी। जयपाल चढूनी ने समस्याएं सुनने उपरांत बताया कि आज 16 अप्रैल को पार्टी सुप्रीमों अभय सिंह चौटाला शाहाबाद नई अनाज मंडी में पहुंचेगें, किसानों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनेगें और अनाज मंडी का दौरा करेगें। जयपाल चढूनी ने कहा कि प्रदेश में किसान फसलों को बेचने के लिए घंटों इंतजार करना, गेट पास, रजिस्ट्रेशन, बॉयोमैट्रिक, गाड़ी नम्बर जैसी अनेक प्रक्रियाओं को पूरा करने में लगा रहता है। हल्का अध्यक्ष सूबे सिंह औजला त्यौड़ी ने कहा कि इनैलो पार्टी किसानों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करती आई है। किसान कष्ट निवारण केंद्र खोलने का उद्देश्य है कि किसान अपनी समस्याएं खुलकर रख सकेगें।

## हवन-यज्ञ का किया आयोजन, भंडारे चखा श्रद्धालुओं ने प्रसाद



**शाहाबाद मारकंडा, 15 अप्रैल ( रूबी ) :** श्री बैकुंण्ठपुरी हनुमान मंदिर में हवन यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर सभा के प्रधान सुधीर ने बताया कि उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्री हनुमान जी चालीसा का पाठ किया। पूजा-अर्चना कर हनुमान जी को भोग लगवाया गया। पूरा वातावरण जय श्री राम जय वीर बजरंगी हनुमान के जयघोषों से गूंज उठा। भजनीकों ने श्री राम और हनुमान जी के भजनों से समा बांधा। कमल बतरा द्वारा भंडारे आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रूपाली, राजीव गर्ग, सुनीता, सूरज मल्होत्रा, हरीश बॉबी, सीता राम, अशोक भाटिया, अशोक सेठी, राज पाल, सुदर्शन मिगलानी, राजीव,सुभाष अरोड़ा,पार्षद ईशु सचदेवा, कमल, अविनाश अरोड़ा, रवि दत्त, अंग्रेज सिंह राणा,सुभाष अरोड़ा सहित श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियाँ डाली। इस अवसर पर गोल्डी, लक्ष्मण, अमरनाथ शर्मा, विजय बठला, रमेश आहुजा, सत पाल भाटिया, जवाहर लाल चुघ, अर्जुनदास, आसानंद अरोड़ा, रामा, सारिका, सुनीता, गीता देवी, रोशनी,रेणु बाला सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# 320 ग्राम स्मैक सहित एक आरोपी गिरफ्तार



**यमुनानगर, 15 अप्रैल ( दिनेश कुमार ) :** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल टीम नशा तस्करों पर लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी के तहत कार्यवाही करते हुए टीम ने करीब 15 लाख रुपए कीमत की 320 ग्राम हेरोईन (स्मैक) सहित एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। डीएसपी रजत गुलिया ने बताया कि ईन्चार्ज एन्टी नारकोटिक्स सैल के इंचार्ज अनिल कुमार को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक नशीले पदार्थों के साथ कलानौर पेट्रोल पंप के पास घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक सतीश कुमार, ओम प्रकाश, एएसआई जसवीर सिंह, जयपाल, मुख्य सिपाही ललित, सुल्तान की टीम गठित की गई। टीम ने तुरंत मौका पर पहुंचकर एक युवक को काबू किया। पूछताछ पर जिनकी पहचान चांदमियां उर्फ अमीर खान पुत्र हसमत खान निवासी गांव चुंगियारी, थाना झिझाना जिला शामली के नाम से हुई। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ अजय कुमार सैनी को बुलाया गया। तलाशी के दौरान आरोपी से 1320 ग्राम हेरोईन हुई आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा गया।
रिमांड के दौरान आरोपी से हेरोईन बेचने वाले वा खरीदने वालो का पता किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री तीर्थ बस योजनाः विधायक कुलवंत ने 22वीं बस रवाना की



मोहाली 15 अप्रैल (निस ) मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आज विधायक मोहाली कुलवंत सिंह द्वारा 22वीं बस को हरी झंडी देकर रवाना किया गया। 42 श्रद्धालुओं से भरी बस पिंड सनेटा से श्री दरबार साहिब श्री दुर्गियाना मंदिर, राम तीर्थ वाल्मीकि मंदिर, वाघा बॉर्डर और जालियांवाला बाग जाएगी। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक कुलवंत सिंह होरां ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में जब आम आदमी पार्टी की सरकार सत्ता में आई है, तब से ही पंजाब के सर्वांगीण विकास की बात शुरू हो गई है और आज पूरे पंजाब में मेला वरगा माहौल है, कहीं उद्घाटन हो रहे हैं, और कहीं नए विकास कार्यों की शुरुआत हो रही है और यह सिलसिला आने वाले समय में भी जारी रहेगा। विधायक कुलवंत सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत बड़ी संख्या में अन्य श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न जोन इनचार्जों के पास रजिस्ट्रेशन करवाई जा रही है ताकि वे भी इस यात्रा योजना का लाभ उठा सकें। क्योंकि इस यात्रा के दौरान जहां श्रद्धालु धार्मिक स्थानों की यात्रा करके आनंदित महसूस कर रहे हैं, वहां श्रद्धालुओं में आपसी भाईचारे की सांझ और मजबूत हो रही है, जिससे समूचे चौगिर्दे में वातावरण अच्छा और तंदरुस्ती भरा बन रहा है। उन्होंने कहा कि समूचे पंजाब के अंदर विकास की गति लगातार तेज होती जा रही है और लोगों के चिरकोने मुद्दों का स्थायी हल हो रहा है। जिन मुश्किलों और मांगों के वाल्ल विरोधी पार्टियों के नेताओं ने कभी ध्यान ही नहीं दिया, उनको आम आदमी पार्टी के वर्कर और समर्थक खुद सूचियां बनाकर संबंधित विभागों के दफ्तरों से करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा से संबंधित कार्ड बनवाने के लिए रजिस्ट्रेशन का काम भी बड़े पैमाने पर लगातार जारी है। इस संबंधी वार्ड वाइज कैंप लगाए जा रहे हैं ताकि लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। इस मौके पर स्टेट अवार्डी फूलराज सिंह-हलका कोऑर्डिनेटर मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना, श्रीमती रमनप्रीत कौर कुम्बड़ा-हलका कोऑर्डिनेटर वूमेन विंग मोहाली, अवतार सिंह मोली बैदवान, हरमेश सिंह कुम्बड़ा, गुरदेश सिंह सरपंच सनेटा, श्रीमती मनजीत कौर पंच सनेटा, निरमल सिंह सनेटा, अधिकारी सनेटा, रामपाल सिंह पंच सनेटा, अल्ला दित्ता पंच सनेटा, महिपाल पंच सनेटा, बलकार सिंह काका पंच सनेटा, रोशन अली सनेटा, चौधरी रमेशवर, अमीर खान भी हाजिर थे।

# औद्योगिक एआई के लिए एप्लाइड इंटेलिजेंस विषय कार्यशाला आयोजित



**शाहाबाद मारकंडा, 15 अप्रैल ( रूबी ) :** आर्य कन्या महाविद्यालय शाहाबाद के कंप्यूटर साईंस विभाग द्वारा औद्योगिक एआई के लिए एप्लाइड इंटेलिजेंस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन संयोजिका डा. स्वाति अत्री व सह संयोजिका रितु मितल की देखरेख में हुआ। रिसोर्स पर्सन अर्पणा ग्रोवर, डारेक्टर, इनफोमैथ प्राईवेट लि., चंडीगढ़ व मनदीप कौर रही। कार्यशाला का शुभारंभ अतिथि को पौधा भेंट कर किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, करियर व इनर्टनशिप ऑपर्च्युनिटीज इन एआई सकिलस तकनीकों से परिचित कराना तथा उनके व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाना था। इसके पश्चात विशेषज्ञों द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न पहलुओं, औद्योगिक उपयोग तथा इसके भविष्य के अवसरों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में बी.एस.सी. कम्पूटर साईस एवं बी.सी.ए. की 126 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. आरती त्रेहन ने हा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं के समग्र विकास में अत्यंत सहायक होते हैं। उन्होंने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वर्तमान समय की एक महत्वपूर्ण तकनीक है, जो भविष्य में रोजगार के अनेक अवसर प्रदान करती है। इस अवसर पर अनुराधा चड्ढा, परविंदर कौर, सुरभि, रमनदीप कौर, दीक्षा, शिवानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में अत्याधुनिक वर्चुअल रियलिटी कार्यशाला का आयोजन



**रतिया, 15 अप्रैल ( अमन सेठी ) :** जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल रतिया में सत्र 2026-27 के अंतर्गत एक अत्याधुनिक वर्चुअल रियलिटी (वीआर) कार्यशाला का सफल आयोजन बी 2 ब्रेकिंग बाउंड्रीज कंपनी कि टीम ओर संस्थापक चिराग बजाज के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और डिजिटल शिक्षा के नए आयामों से परिचित हुए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को वर्चुअल रियलिटी तकनीक के माध्यम से जल जीवन एक रोमांचक विज्ञान यात्रा विषय पर विशेष अनुभव प्रदान किया गया। इस अनूठी कार्यशाला में बच्चों ने समुद्र के भीतर पाए जाने वाले विभिन्न जीव-जंतु, रंग-बिरंगी मछलियां, विशाल समुद्री व्हेल तथा गहरे समुद्र के रहस्यों को बेहद करीब से देखा और समझा। इस रोचक अनुभव ने विद्यार्थियों को नई चीजें सीखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्राचार्या कनुप्रिया खुराना ने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक तकनीक शिक्षा को अधिक रोचक और प्रभावी बनाती है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनकी जिज्ञासा को भी बढ़ाती हैं। विद्यालय के प्रबंधक बसंत लाल बत्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज के समय में डिजिटल शिक्षा का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं और उन्हें नई तकनीकों से जोड़ते हैं। शैक्षणिक प्रबंधक लोकेश खुराना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्चुअल रियलिटी तकनीक 360-डिग्री अनुभव के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को सरल, प्रभावी और आनंददायक बनाती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाती हैं तथा उन्हें डिजिटल युग के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ते हुए उन्हें आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान देना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नई तकनीकों के प्रति गहरी रुचि दिखाई और इस अनोखे अनुभव का भरपूर आनंद लिया।

# उचित पोषण व शुद्ध पेयजल हमें अनेक प्रकार की बीमारियों से बचाता है : डॉ. शगुन



**पानीपत, 15 अप्रैल ( हरप्रीत छतवाल ) :** खंड पानीपत के ग्राम पंचायत निजामपुर स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माता व बच्चों का शारीरिक पोषण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से जिला सलाहकार डॉ. सतविंदर टाया ने शिरकत की।
डॉ. सतविंदर टाया ने अपने संबोधन में बताया कि सरकार का उद्देश्य पोषण पखवाड़े के अंतर्गत महिलाओं व बच्चों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।
हेल्थ डिपार्टमेंट से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शगुन ने उपस्थित महिलाओं व बच्चों को पोषण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं को जागरुक करते हुए बताया कि हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा अच्छा स्वास्थ्य हमारे अच्छे खान-पान पर ही निर्भर करता है इसके लिए हमें अपने खाने-पीने की चीजों पर ध्यान देना होगा और हमें पौष्टिक आहार अपनाना होगा। स्वास्थ्य विभाग से एमपीएचडब्ल्यू सुनीता ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को समय पर उनके बच्चों के वैक्सीनेशन करने संबंधित जानकारी दी।
जन स्वास्थ्य विभाग से बीआरसी रोशन लाल ने कार्यक्रम में जल संरक्षण के बारे में बताते हुए कहा कि पोषण के साथ-साथ स्वच्छ पानी भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना हमारा खानपान अतः हमें अपना खान-पान के साथ-साथ पानी को भी स्वच्छ रखना अत्यंत आवश्यक है।
गंदे पानी की वजह से हम 80 प्रतिशत बीमारियों का शिकार होते हैं अगर हमारा पानी स्वच्छ होगा तो हमें बीमारियों से छुटकारा मिलेगा।
महिला एवं बाल विकास विभाग से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुम ने बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास के लिए संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए माता को हरी सब्जियां फल व पौष्टिक आहार अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुमित्रा, आशा वर्कर सुमन, ज्योति, नीलम, पूनम आदि उपस्थित रही।

# अनाज मण्डियों में अब तक 114943.39 मीट्रिक टन गेहूं की हुई आवक : डीसी प्रीति

**यमुनानगर, 15 अप्रैल ( दिनेश कुमार ) :** डीसी प्रीति ने बताया कि जिला की अनाज मण्डियों में गेहूं की आवक बढ़ रही है तथा सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा अनाज मण्डियों में गेहूं की खरीद निर्धारित मानदण्डों के अनुसार सुचारू रूप से प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 में गेहूं की एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है। चालू रबी सीजन के दौरान 14 अप्रैल तक जिला की विभिन्न अनाज मण्डियों में अब तक 114943.39 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है तथा खरीद एजेंसियों द्वारा कुल 89666 मीट्रिक टन क्विंटल गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 20812.4 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 52064 मीट्रिक टन गेहूं व हरियाणा वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन 16790 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त ने बताया कि चालू रबी सीजन में 14 अप्रैल तक जिला की व्यासपुर मंडी में 14711 मीट्रिक टन, छछरौली अनाज मंडी में 8264 मीट्रिक टन, गुमथला रॉव अनाज मंडी में 1851 मीट्रिक टन गेहूं, जगाधरी अनाज मंडी में 15028 मीट्रिक टन गेहूं, जठलाना अनाज मंडी में 1023 मीट्रिक टन गेहूं, खारवन अनाज मंडी में 1245 मीट्रिक टन गेहूं, प्रतापनगर अनाज मंडी में 4438.4 मीट्रिक टन, सरस्वतीनगर अनाज मंडी में 18902 मीट्रिक टन, रादौर अनाज मंडी में 9127 मीट्रिक टन, रणजीतपुर अनाज मंडी में 3845 मीट्रिक टन गेहूं, रसूलपुर अनाज मंडी में 3374 मीट्रिक टन व सढौरा में 7798 मीट्रिक टन, यमुनानगर अनाज मंडी में 60 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। उपायुक्त प्रीति ने गेहूं की खरीद संबंधी कार्यो में लगे अधिकारियों को निर्देश दिए है कि अनाज मण्डियों में पेयजल व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, बिजली व्यवस्था आदि सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें ताकि किसानों को अपनी गेहूं की उपज को बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न आएं। उन्होंने किसानों से भी अपील की कि वे अपनी गेहूं की उपज को अच्छी प्रकार से सुखाकर एवं साफ करके ही मण्डियों में लाएं ताकि उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिल सके।

# सीआईए ने 15.23 ग्राम हेरोइन सहित दो युवकों को दबोचा

***टी-पॉइंट भरपूर के पास नाकाबंदी के दौरान धरे गए रतिया निवासी तस्कर; पुलिस को देखकर भागने की कर रहे थे कोशिश***



**रतिया, 15 अप्रैल ( अमन सेठी ) :** फतेहाबाद पुलिस अधीक्षक द्वारा नशा तस्करों के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम के तहत अपराध जांच शाखा फतेहाबाद को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने रतिया-फतेहाबाद रोड पर मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को 15.23 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान वकील चन्द पुत्र आत्मा राम, निवासी वार्ड नं. 16, नहर कॉलोनी, रतिया व सुखपाल पुत्र बलजीत सिंह, निवासी एम्प्लॉइज कॉलोनी, रतिया के रूप में हुई है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उप निरिक्षक वेदपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम बीती रात अपराध रोकथाम के लिए रतिया से फतेहाबाद रोड पर गश्त कर रही थी। जब टीम गांव भरपूर टी-पॉइंट के पास पहुंची, तो फतेहाबाद की तरफ से एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस की गाड़ी देखकर आरोपियों ने मोटरसाइकिल वापस मोड़ने की कोशिश की, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को काबू कर लिया। नियमानुसार, आरोपियों की तलाशी लेने पर 15.23 ग्राम हेरोइन बरामद हुई । जिस पर आरोपियों के खिलाफ थाना शहर रतिया में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21बी, 61, 85 के तहत मुकदमा नंबर 88/2026 दर्ज कर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में आरोपियों से पुछताछ कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने जिला वासियों से अपील की है कि वे समाज को नशा मुक्त बनाने में पुलिस का सहयोग करें। यदि कहीं भी नशीले पदार्थों की बिक्री या तस्करी की सूचना मिलती है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। आपकी पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी।

# डिजिटल पहल का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा स्व-गणना

***घर बैठे जनगणना में भागीदारी का अवसर, जिला प्रशासन ने नागरिकों से डिजिटल पोर्टल का अधिकतम उपयोग करने की अपील की***

**पानीपत, 15 अप्रैल ( हरप्रीत छतवाल ) :** भारत सरकार द्वारा आयोजित की जा रही डिजिटल जनगणना 2026 को लेकर जिला प्रशासन ने नागरिकों से सक्रिय भागीदारी की अपील की है। इस संबंध में उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि यह जनगणना देश की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना है, जो तकनीक के माध्यम से अधिक पारदर्शी, तेज और सटीक आंकड़े उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उपायुक्त ने बताया कि इस डिजिटल पहल का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा स्व-गणना (सेल्फ एनुमरेशन) है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक नागरिक स्वयं अपने और अपने परिवार का विवरण सरकारी पोर्टल पर दर्ज कर सकता है। उन्होंने जिलेवासियों से आग्रह किया कि वे इस आधुनिक प्रक्रिया का लाभ उठाते हुए निर्धारित समय सीमा में अपना विवरण अवश्य दर्ज करें। डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने स्पष्ट किया कि यह पोर्टल 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक खुला रहेगा। इस अवधि में नागरिक अपने मोबाइल या लैपटॉप के माध्यम से आसानी से परिवार का विवरण दर्ज कर सकते हैं।
डिजिटल जनगणना पोर्टल पर स्व-गणना करना सरल और सुरक्षित है। नागरिकों को सबसे पहले आधिकारिक जनगणना पोर्टल पर जाकर अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण के बाद मोबाइल पर प्राप्त वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) दर्ज कर लॉगिन करना होगा। लॉगिन के पश्चात स्क्रीन पर मांगी गई जानकारी जैसे परिवार के सदस्यों के नाम, आयु, शिक्षा, व्यवसाय एवं अन्य आवश्यक विवरण सावधानीपूर्वक भरने होंगे। सभी विवरण भरने के बाद डेटा सबमिट करना होगा, जिसके बाद एक संदर्भ संख्या (रेफरेंस नम्बर) प्राप्त होगी। नागरिकों को यह संदर्भ संख्या सुरक्षित रखनी होगी, क्योंकि प्रगणक के घर आने पर केवल इसी नंबर के माध्यम से गणना प्रक्रिया पूरी की जाएगी।
उपायुक्त ने कहा कि स्व-गणना न केवल समय की बचत करती है बल्कि यह पूरी प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी भी बनाती है। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षित युवाओं, कर्मचारियों और जागरूक नागरिकों से अपील की कि वे इस डिजिटल अभियान में आगे आकर भाग लें। उन्होंने यह भी कहा कि जिले के सभी नागरिक इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करें, ताकि पानीपत जिला स्व-गणना के मामले में प्रदेश में अग्रणी स्थान प्राप्त कर सके। प्रशासन का उद्देश्य है कि हर नागरिक समय सीमा के भीतर अपनी जानकारी पोर्टल पर दर्ज कर राष्ट्र के विकास के लिए सटीक आंकड़े उपलब्ध कराने में सहयोग करे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में निकाली रैली



**यमुनानगर, 15 अप्रैल ( दिनेश कुमार ) :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन एवं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति धन्यवाद व्यक्त करने के उद्देश्य से नारी शक्ति स्कूटी रैली का आयोजन डीएवी गर्ल्स कॉलेज से किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाने और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास, स्वावलंबन एवं सामाजिक जागरूकता को प्रोत्साहित करना रहा। यमुनानगर विधायक घनश्याम दास, वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल राणा, मेयर सुमन बहमनी, रोजी मलिक आनंद, कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ सुरिंद्र कौर सहित अन्य गणमान्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। घनश्याम दास ने इस अवसर पर अपने प्रेरणादायक विचार साझा करते हुए छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा समाज में सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल राणा ने कहा कि इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को राजनीति में भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है। यह समाज में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने और उन्हें नेतृत्व के अवसर प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रेरणादायक संदेश दिया रैली डीएवी गर्ल्स कॉलेज के मुख्य गेट से शुरू हुई। जो फव्वारा चौक से होकर कॉलेज परिसर में संपन्न हुई। रैली में बड़ी संख्या में छात्राओं शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा उन्होंने पूरे जोश और अनुशासन के साथ सहभागिता निभाई। मौके पर पूर्व मेयर मदन मोहन, मनीषा अग्रवाल, प्रीति जौहर, भाजयुमो अध्यक्ष निश्चल चौधरी, संगीता सिंगला मौके पर मौजूद रहीं।

# बाढ़ राहत कार्यों के लिए एसडीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश



**रतिया, 15 अप्रैल ( अमन सेठी ) :** बरसात के मौसम से पहले बाढ़ से बचाव कार्यों के लिए एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने बुधवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने रतिया सब-डिवीजन में मानसून से पहले बाढ़ राहत के पुख्ता इंतजाम करने और रिहायशी इलाकों के लिए उचित व्यवस्था करने को कहा ताकि मानसून के मौसम के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सकें। उन्होंने बैठक में संबंधित अधिकारियों को बाढ़ बचाव को लेकर फिल्ड में दौरा करने, रिंग बाधों की स्थिति का अवलोकन कर मरम्मत की कार्रवाई प्राथमिकता पर सुनिश्चित करने, पंम्पिग सेट्स की स्थिति जांच कर उपकरण क्रियाशील रखने, दवाईया वितरण हेतु पूर्ण तैयारियां रखने, सीवर व नालियों आदि की सफाई तथा पानी निकासी के प्रबंध करने के निर्देश दिए। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी ड्रेन, नालों और नहरों की सफाई के कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी मानसून से पहले बाढ़ राहत कार्य को लेकर पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करे।


**ਪਬਲਿਕ ਨੋਟਿਸ**

ਟਿਊਬਵੈਲ ਕੁਨੈਕਸ਼ਨ ਖਾਤਾ ਨੰਬਰ P27AP300429N (5 ਹਾਰਸ ਪਾਵਰ) ਜੋ ਸ੍ਰੀ ਸ਼ੇਰ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਰਾਮ ਲਾਲ ਸਿੰਘ ਪਿੰਡ ਪਸਿਆਣਾ ਤਹਿ. ਵਾ ਜਿਲਾ ਪਟਿਆਲਾ ਦੇ ਨਾਮ ਖੇਵਟ ਨੰਬਰ 26/26 ਖਤੌਨੀ ਨੰ 57 ਖਸਰਾ ਨੰਬਰ 690 ਤੇ ਚਲਦਾ ਹੈ। ਸ੍ਰੀ ਵਕੀਲ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਲੈਟ ਸ੍ਰੀ ਸ਼ੇਰ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਪਸਿਆਣਾ ਨੇ ਇਹ ਖਾਤਾ ਨੰ P27AP300429N ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰਵਾਉਣ ਲਈ ਦਰਖਾਸਤ ਦਿੱਤੀ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਟਿਉਬਵੈਲ ਕੁਨੈਕਸ਼ਨ ਨੂੰ P27AP300429N ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਵਿਚ ਕਿਸੇ ਵੀ ਵਿਅਕਤੀ ਨੂੰ ਇਤਰਾਜ ਹੈ ਤਾਂ ਆਪਣੀ ਇਤਰਾਜ 15 ਦਿਨ ਦੇ ਅੰਦਰ ਐਸ.ਡੀ.ਓ. ਕੈਂਟ ਉਪ ਮੰਡਲ ਪੀ ਐਸ ਪੀ ਸੀ ਐਲ, ਪਟਿਆਲਾ ਵਿਖੇ ਜਮ੍ਹਾ ਕਰਵਾ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਜੀ।

ਸਹੀ/- ਸਹਾਇਕ ਇੰਜੀਨੀਅਰ
ਕੈਂਟ ਉਪ ਮੰਡਲ
ਪੀ.ਐਸ.ਪੀ.ਸੀ.ਐਲ., ਪਟਿਆਲਾ।

## नशामुक्त पंजाब की ओर पुलिस का बड़ा कदम- धू धू कर जली 11 क्विंटल नशे की खेप

लुधियाना 15 अप्रैल (निस) पंजाब सरकार द्वारा नशे के खिलाफ छेड़ी गई जंग के तहत लुधियाना पुलिस ने आज एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। नशा मुक्त समाज की दिशा में कदम बढ़ाते हुए पुलिस कमिश्नरेट लुधियाना की ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने करोड़ों रुपए की अंतरराष्ट्रीय कीमत वाले भारी मात्रा में नशीले पदार्थों को आग के हवाले कर दिया। **219 मामलों का सामान किया राख**–लुधियाना स्थित ड्रग डिस्पोजल इंसीनरेटर में पूरी कानूनी प्रक्रिया के तहत नशे की इस खेप को नष्ट किया गया। यह सारी कार्रवाई डीजीपी पंजाब के आदेशों और माननीय अदालतों के दिशा-निर्देशों के तहत सख्त निगरानी में संपन्न हुई। पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा ने बताया कि ड्रग डिस्पोजल कमेटी की देखरेख में कुल 219 मामलों से संबंधित नशीले पदार्थों को नष्ट किया गया है। इसमें उन मामलों का नशा भी शामिल था जिनकी अदालती कार्रवाई अभी चल रही थी और उन मामलों का भी जिनका फैसला आ चुका है। रिकॉर्ड की पूरी पड़ताल के बाद पुलिस ने पारदर्शी तरीके से इस प्रक्रिया को पूरा किया ताकि नशे के इस काले कारोबार की जड़ें काटी जा सकें।

**जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही पुलिस**–नष्ट किए गए नशीले पदार्थों की फेहरिस्त काफी लंबी है, जिसमें पुलिस ने 10 क्विंटल 71 किलो भुक्की (चूरा पोस्त), 9 किलो 721 ग्राम हेरोइन और 71 किलो 606 ग्राम गांजा जलाकर राख कर दिया। इसके अलावा 12,890 नशीली गोलियां, 1630 टीके, 226 नशीली शीशियां, 712 ग्राम चरस सहित भारी मात्रा में नशीला पाउडर, कोकीन और आइस को भी नष्ट किया गया। कुल मिलाकर 11 क्विंटल से ज्यादा का यह नशा अब मिट्टी में मिल चुका है। इस मौके पर कमिश्नर पुलिस स्वप्न शर्मा ने कहा कि लुधियाना पुलिस नशा तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

## रहस्यमयी हालातों में धमाका! इलाके में मची अफरा-तफरी

फरीदकोट 15 अप्रैल (निस) कुछ देर पहले फरीदकोट के मेन मार्केट में एक सुनार की दुकान के ऊपर गहने बनाने का काम करने वाले कारगीर के कमरे में जोरदार धमाका हुआ, जिसकी आवाज़ से आस-पास का इलाका पूरी तरह से हिल गया। इस धमाके की वजह से दुकान के अंदर काम कर रहा एक कारीगर बुरी तरह झुलस गया और उसे तुरंत गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल हॉस्पिटल ले जाया गया।मिली शुरुआती जानकारी में पता चला कि धमाका गैस सिलेंडर की वजह से हुआ था, लेकिन दूसरी तरफ, इसके पीछे कहीं न कहीं कोई रहस्य भी लगता है, जिससे इनकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि जब हालात का जायज़ा लिया गया तो सिलेंडर का रेगुलेटर जरूर खुला था, लेकिन सिलेंडर में गैस अभी भी थी और सिलेंडर फटा नहीं, न ही कमरे में किसी तरह की आग लगी।

## खालसा साजना दिवस पर अमृतसंचार से सैंकड़ों श्रद्धालू गुरु से जुड़े, संगत में अथाह उत्साह देखने को मिला-कालका



नई दिल्ली 15 अप्रैल (अमृतपाल) दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में 327वें खालसा साजना दिवस के पावन अवसर पर संपूर्ण संगत को लाख-लाख बधाई देते हुए कहा कि अमृतवेले से ही भाई लखी शाह वणजारा हॉल में संगत द्वारा लगातार कीर्तन सरवण करके गुरु के इस महान दिहाड़े को अत्यधिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सरदार कालका ने कहा कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से धर्म प्रचार के अंतर्गत शुरू की गई अमृत-संचार मुहिम के बहुत ही उत्साहजनक नतीजे सामने आ रहे हैं। पिछले एक महीने के दौरान दिल्ली और एनसीआर के विभिन्न इलाकों में कथावाचकों और प्रचारकों द्वारा गुरबाणी के प्रचार के माध्यम से संगत को अमृत पान के लिए प्रेरित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में संगत ने अमृत छककर गुरु के साथ अपने संबंध को और मजबूत किया है। उन्होंने बताया कि अमृत-संचार के पहले दिन ही 300 से अधिक व्यक्तियों ने अमृत पान किया था, जबकि आज यह संख्या 500 से आगे निकल चुकी है। केवल दो दिनों में 800 से अधिक और एक महीने के भीतर लगभग 1800 से अधिक लोगों को अमृत पान करवाकर गुरुवाला बनाने में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सफल रही है, जो एक प्रेरणादायी और ऐतिहासिक उपलब्धि है।सरदार कालका ने कहा कि आज के समय में धर्म-प्रचार की जिम्मेदारी और भी बढ़कर गंभीर हो गई है। उन्होंने चिंता जताई कि कुछ शक्तियाँ लोगों को गुमराह करके अन्य धर्मों की ओर मोड़ने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में बढ़ती ईसाईकरण गतिविधियाँ चिंताजनक हैं और इसे रोकने के लिए धार्मिक संस्थाओं को अधिक प्रभावशाली भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने बताया कि लगभग ढाई साल पहले दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा अमृतसर साहिब में धर्म-प्रचार दफ्तर स्थापित करके एक विशेष मुहिम शुरू की गई थी, जिसके तहत 2000 से अधिक उन व्यक्तियों को पुन: सिख धर्म से जोड़ा गया जो पहले ईसाई धर्म में शामिल हो चुके थे। ये सभी व्यक्ति आज अमृत पान करके गुरु की कृपा से सुखी जीवन व्यतीत कर रहे हैं। सरदार कालका ने इस अवसर पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा धर्म-प्रचार और स्वास्थ्य-सेवाओं के क्षेत्र में चलाए जा रहे बड़े-पैमाने के उपक्रमों के बारे में भी जानकारी साझा की। उन्होंने संगत से अपील की कि अपने बच्चों को गुरुघर से जोड़ना समय की सबसे बड़ी ज़रूरत है, ताकि हमारे धार्मिक दिहाड़ों का मनाना वास्तव में सफल हो सके।

## एडीसी को ज्ञापन सौंपकर जिला परिषद मोहाली के चुनाव शीघ्र कराए जाने की मांग



मोहाली 15 अप्रैल (निस) पंजाब के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर लोगों की प्रतिनिधित्व व्यवस्था को सुनिश्चित बनाने के लिए प्रतिबद्ध संगठन मिसल सतलुज द्वारा आज एडीसी मोहाली गीतिका सिंह से विशेष मुलाकात कर ज़िला परिषद मोहाली के चुनाव जल्द से जल्द करवाने संबंधी एक मांग-पत्र सौंपा गया। मिसल सतलुज के प्रतिनिधिमंडल ने इस अवसर पर बताया कि ज़िला परिषद जैसी महत्वपूर्ण स्थानीय संस्थाएं लोकतंत्र की मजबूत नींव होती हैं, जिनकी समय पर चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से ही जन-भागीदारी और क्षेत्र के विकास की गति को सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि लंबे समय से लंबित पड़ी ज़िला परिषद चुनाव प्रक्रिया तुरंत करवाई जानी चाहिए, ताकि लोगों को अपनी प्रतिनिधि चुनने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त हो सके। इस अवसर पर मिसल सतलुज के युवा नेताओं ने भी ज़िला स्तर पर लोकतांत्रिक प्रणाली को सक्रिय बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि स्थानीय सरकारों की सक्रियता से ही गांवों और शहरों के विकास को नई दिशा मिल सकती है।इस

## दिनदहाड़े गुंडागर्दी, मौके पर ही आरोपियों की गिरफ्तारी

लुधियाना 15 अप्रैल (निस) लुधियाना के भारत नगर चौक इलाके में मंगलवार को सरेआम गुंडागर्दी का मामला सामने आया, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, कुमार मंडी स्थित क्लासिक मोबाइल के मालिक योगेश खोसला से जुड़े एक विवाद के चलते कुछ लोगों ने इलाके में दबंगई दिखाने की कोशिश की। इस दौरान अकाली दल से जुड़े इंदरजीत सिंह गोला का नाम भी सामने आया है।

## पंजाब में हादसे में 11 श्रद्धालुओं की मौत

**पृष्ठ एक का शेष** ... के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायलों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।
**पीएम ने दुख जताया**–श्री आनंदपुर साहिब के दर्शन करके लौट रही संगत की बस फतेहगढ़ साहिब में पलट जाने से बड़ा हादसा हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले में हुए भयानक हादसे पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री ऑफिस ने हादसे पर दुख जताते हुए एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें कहा गया है, पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले में हुए हादसे के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। जिन लोगों ने अपने परिवार के सदस्यों को खो दिया है उन लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। इसके साथ ही घायलों के जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। **चुघ ने जताया गहरा शोक, घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना**
पंजाब में श्रद्धालुओं से भरी बस के हादसे पर भाजपा नेता तरुण चुघ ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### काली थार ने ढाया कहर! स्कूल बस ड्राइवर की दर्दनाक मौत

बरनाला 15 अप्रैल (निस) बरनाला के पट्टी रोड पर सत्ता के नशे में चूर एक सरपंच के बेटे की तेज रफ्तार काली थार ने एक गरीब परिवार का घर तबाह कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार भदौड़ के सरपंच सरपंच के बेटे की तेज रफ्कार काली थार ने सड़क किनारे खड़े मोटरसाइकिल सवार 55 साल के जगतार सिंह को इतनी जोर से टक्कर मारी कि जगतार सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। थार जगतार सिंह को अपने साथ सड़क पर 100 फीट तक घसीटती ले गई। हादसा इतना भयानक था कि मृतक के शरीर का एक हिस्सा भी कटकर अलग हो गया।इस मौके पर मृतक जगतार सिंह के भाई गुरदीप सिंह और बेटे शमशेर सिंह ने बताया कि वह एक प्राइवेट स्कूल में बस ड्राइवर का काम करके अपने परिवार का गुजारा करता था। उसका बेटा भी दिव्यांग है और उसकी दो छोटी बेटियां हैं। मृतक अपनी पत्नी, पिता और बेटे सहित 6 लोगों के परिवार का अकेला कमाने वाला था। हादसा उस समय हुआ जब जगतार सिंह अपनी मोटरसाइकिल लेकर सड़क किनारे खड़ा था। इस दौरान एक तेज रफ्तार काली थार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिवार वालों ने यह भी बताया कि टक्कर के बाद थार ड्राइवर अपने तीन और साथियों के साथ मौके से भाग गया, जो एक शादी समारोह से आए थे। टक्कर के बाद थार ड्राइवर ने रास्ते में लोगों से यह भी कहा कि कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। परिवार वालों ने बताया कि काली थार ड्राइवर बरनाला जिले के भदौड़ विधानसभा इलाके के गांव बल्लोके के मौजूदा सरपंच का बेटा है, जो सत्ता के नशे में इतना चूर था कि उसने सड़क पर खड़े एक बेकसूर गरीब परिवार के सदस्य को टक्कर मारकर मार डाला और मोटरसाइकिल को भी कुचल दिया। मृतक के परिवार वालों ने सरकारी नंबर प्लेट लगी काली थार का फोटो भी जारी किया, जो सत्ता के नशे में गाड़ी के आगे सरकारी नंबर प्लेट भी लगाए रहता है।

### लुधियाना रेलवे स्टेशन पर अवैध पिस्तौल सहित एक काबू

लुधियाना 15 अप्रैल (निस) रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान जीआरपी के सी.आई. विंग की टीम ने एक युवक को काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी से एक अवैध पिस्तौल व जिन्दा कारतूस बरामद किया है। इंस्पेक्टर पलविंदर सिंह ने बयाया की आरोपियों के खिलाफ आर्म एक्ट के अधीन मामला दर्ज किया गया है। आरोपी सोनू मोगा का रहने वाला है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है की वह पिस्तौल कहां से कितने की लेकर आया था और उसका मकसद क्या था।

### निशान साहिब की सेवा के दौरान 60 फीट की ऊंचाई से गिरकर सेवादार की मौत

लुधियाना 15 अप्रैल (निस) दुगरी रोड स्थित करतार नगर के गुरुद्वारा श्री सिंह सभा में बैसाखी के पावन पर्व की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब एक दर्दनाक हादसे में गुरु घर के अनन्य सेवक की जान चली गई। सुबह निशान साहिब का चोला बदलने की पवित्र सेवा के दौरान क्रेन की लोहे की तार अचानक टूट गई, जिससे सेवादार मनिंदर सिंह करीब 60 फीट की ऊंचाई से सीधा फर्श पर आ गिरे। सिर और शरीर पर आई गंभीर चोटों के कारण अस्पताल ले जाते समय उन्होंने दम तोड़ दिया। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे इलाके और सिख संगत में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक मनिंदर सिंह (40) के भाई गुरप्रीत सिंह ने बताया कि मनिंदर पिछले 12 वर्षों से पूरी श्रद्धा के साथ गुरुद्वारा साहिब में निशान साहिब की सेवा निभा रहे थे। हर संक्रांति और बैसाखी के अवसर पर चोला साहिब बदलने की मुख्य जिम्मेदारी उन्हीं की होती थी। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे वे हमेशा की तरह बड़े उत्साह के साथ घर से सेवा के लिए निकले थे।

इन्द्रप्रीत कौर दर्दी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक भारत देश हमारा ने जेएसडी पब्लिकेशन्स प्रा. लिमि. पटियाला के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब , सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह से छपवाकर कार्यालय भारत देश हमारा गुरू हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल बिल्डिंग, पुरानी प्रेस रोड , पटियाला से प्रकाशित किया।
PRGI (RNI) Regd. No.42376/1985

